डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com





आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वर्ष -09 अंक -162 | प्रयागराज ,मंगलवार,05,सितम्बर, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

**गैस स्टेशन में विस्फोट से दहल उठी यमन की राजधानी, प्रत्यक्षदर्शियों ने सुनाया खौफनाक मंजर**

**सना।** यमन की राजधानी सना में रविवार (3 सितम्बर) की रात को एक गैस स्टेशन में हुए धमाके हुए, जिससे पूरा शहर दहल उठा। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हौथी-नियंत्रित यमन की राजधानी सना में एक गैस स्टेशन पर एक बड़ा विस्फोट हुआ। विस्फओट इतना तेज था कि आसपास भीषण आग लग गई। यमन की राजधानी सना



में रविवार (3 सितम्बर) की रात को एक गैस स्टेशन में हुए धमाके हुए जिससे पूरा शहर दहल उठा। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हौथी-नियंत्रित यमन की राजधानी सना में एक गैस स्टेशन पर एक बड़ा विस्फोट हुआ। विस्फओट इतना तेज था कि आसपास भीषण आग लग गई। यह विस्फोट सना के मुफ़ज़ेर गैस स्टेशन पर हुआ। यह विस्फोट सना के मुफ़ज़ेर गैस स्टेशन पर हुआ, जो राजधानी के उत्तरपूर्वी हिस्से में अल-खुराफ़ी सैन्य शिविर के पास स्थित है। हौथी बलों ने हादसे वाले पूरे क्षेत्र को घेर लिया। घटना की जानकारी होते ही बचावकर्मियों ने फौरन प्रतिक्रिया देते हुए स्थिति पर नियंत्रण पाने की कोशिश की। विस्फोट इतना तेज था कि बहरा होने का अहसास हुआ-प्रत्यक्षदर्शी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रत्यक्षदर्शियों ने रविवार रात को कहा विस्फोट इतना तेज था कि हमें बहरा होने का अहसास हुआ। विस्फोट की आवाज को पूरे शहर में सुना गया और इसके बाद लगी आग मीलों दूर से दिखाई दे रही थी।ठ हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।हौथी समूह ने एक बयान में कहा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई है, इसकी वजह से स्टेशन के यार्ड में एक गैस ट्रेलर में विस्फोट हो गया।

## पोकर और रमी खेलने से होता है कौशल का विकास आइआइटी दिल्ली के प्रोफेसरों के अध्ययन में हुआ खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) के प्रोफेसरों के एक अध्ययन में कार्ड गेम पोकर और रमी खेलने वालों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आटोमेशन के कैडेंस चेयर के प्रोफेसर तपन के. गांधी ने हाल ही में पोकर और रमी खेल को लेकर एक व्यापक अध्ययन किया है। प्रो.



सकारात्मक खबर आई है। इसके मुताबिक, पोकर और रमी के खेल हैं, चाहे वे आनलाइन खेले जाएं या आफलाइन। आइआइटी दिल्ली के प्रोफेसरों ने शोध के दौरान कई ऐसी बातें पाई जिनसे स्पष्ट हुआ कि इन खेलों के लिए वास्तव में एक स्तर की सहज समझ की आवश्यकता होती है जो खिलाड़ियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं के निर्माण में सहायता करती है। अध्ययन के निष्कर्षों से संकेत मिला कि पोकर और रमी दोनों में उपयोगकर्ता के कौशल की दर में सुधार होता है। गांधी ने कहा कि शोध के दौरान कई ऐसी बातें आईं जिनसे स्पष्ट हुआ कि इन खेलों के लिए वास्तव में एक स्तर की सहज समझ की आवश्यकता होती है, जो खिलाड़ियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं के निर्माण में सहायता करती है। सिर्फ खेल के कौशल पहलू को सीमित नहीं करते हुए हमने देखा कि खिलाड़ी के रचनात्मक कौशल जैसे सामाजिक संकेतों को समझना, उच्च दबाव वाली स्थितियों में निर्णय लेना, स्मृति बनाए रखना और लगातार खेलने के दौरान आगे बढ़ना आदि शामिल हैं।

## उदयनिधि के बयान पर हंगामा जारी, चिलकुर मंदिर के पुजारी बोले- द्रमुक सरकार को उखाड़ फेंकेंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन ने रविवार को तमिलनाडु के लोगों से द्रमुक को सत्ता से हटाने और मंदिर व्यवस्था तथा सनातन धर्म में विश्वास करने वाले किसी व्यक्ति को चुनने का आह्वान किया। तमिलनाडु सरकार मलेरिया, कोरोना वायरस और डेंगू से की है। सबसे पहले, वह एक संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें बकवास या इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए। वह यह भी चुनौती दे रहे हैं कि आप लोग किसी भी अदालत में जा सकते हैं। मैं इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं।



में मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के उन्मूलन की अपील के संदर्भ में उन्होंने यह बात कही है। रंगराजन ने उदयनिधि की टिप्पणी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता एमके स्टालिन से सनातन धर्म के इतिहास के बारे में पूछना चाहिए। एक वीडियो संदेश में मंदिर के अन्य पुजारियों के साथ रंगराजन ने कहा-हमने उदयनिधि स्टालिन का बयान देखा है, जो तमिलनाडु सरकार में मंत्री हैं। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना हम किसी भी अदालत में नहीं जाएंगे। हमें अदालत क्यों जाना चाहिए? हम तमिलनाडु की जनता से कहेंगे और उदयनिधि से भी कहेंगे कि कृपया इतिहास पढ़िए और अपने पिताजी से पूछिए, जिनके तहत आपका प्रशिक्षण हुआ है।बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन ने रविवार को तमिलनाडु के लोगों से द्रमुक को सत्ता से हटाने और मंदिर व्यवस्था तथा सनातन धर्म में विश्वास करने वाले किसी व्यक्ति को चुनने का आह्वान किया।

## मादक पदार्थों की तस्करी मामले में इटली का एक नागरिक सहित दो गिरफ्तार, 55 लाख रुपये की एलएसडी और चरस बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पणजी।** गोवा में इटली के एक नागरिक को अपने कमरे में 55 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ रखने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी उत्तरी गोवा के तटीय असगाओ गांव से हुई है। आरोपी के किराए के कमरे से 55 लाख रुपये मूल्य की एलएसडी और चरस सहित भारी



मात्रा में ड्रग्स बरामद किया गया है एंटी-नारकोटिक्स सेल के पुलिस अधीक्षक बोसुएट सिल्वा ने बताया कि मूल रूप से इटली के रहने वाले माइकल लॉरेंस स्टेफेनोनी को एक अन्य व्यक्ति नील वाल्टर के साथ गिरफ्तार किया गया है। माइकल लॉरेंस स्टेफेनोनी को को उनके स्टेज नाम डीजे बॉबलहेड के नाम से भी जाना जाता है। मालूम हो कि स्टेफेनोनी उत्तरी गोवा के कई नाइट क्लबों में काम करता है। गोवा में इटली के एक नागरिक को अपने कमरे में 55 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ रखने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। माइकल लॉरेंस स्टेफेनोनी को को उनके स्टेज नाम डीजे बॉबलहेड के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि स्टेफेनोनी दो सितंबर और तीन सितंबर को अंजुना और वागाटोर में दो हाई-प्रोफाइल शो में परफॉर्म करने वाला था। पुलिस अधीक्षक सिल्वा ने बताया कि स्टेफेनोनी दो सितंबर और तीन सितंबर को अंजुना और वागाटोर में दो हाई-प्रोफाइल शो में परफॉर्म करने वाला था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसको कमरे से एलएसडी और चरस सहित 55 लाख रुपये की मादक पदार्थ दवाएं जब्त की है। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि जिस शो में वह परफॉर्म करने वाला था, वहीं पर वह इसकी तस्करी भी करने वाला था।

## 'एक देश-एक चुनाव' समिति से अधीर रंजन ने क्यों किया इनकार पहले जताई थी अपनी सहमति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'एक



देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति का हिस्सा बनने से शनिवार को इनकार कर दिया था। इस मामले में अब नया मोड सामने आया है लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक देश एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति का हिस्सा बनने से शनिवार को इनकार कर दिया था। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अधीर रंजन चौधरी ने पहले इस समिति के लिए अपनी सहमति व्यक्त की थी लेकिन बाद में उन्होंने इससे इनकार कर दिया। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि कांग्रेस नेता ने 'एक देश एक चुनाव' के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति का हिस्सा बनने के लिए पहले अपनी सहमति जताई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इससे इनकार कर दिया और तो और नाराजगी भी व्यक्त की। दरअसल, अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस उच्च स्तरीय समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। उन्होंने पत्र में कहा कि आम चुनाव से कुछ महीने पहले संवैधानिक रूप से संदिग्ध, अव्यवहार्य और तार्किक रूप से लागू नहीं करने योग्य विचार को देश पर थोपने की अचानक कोशिश सरकार के गुप्त उद्देश्यों के बारे में गंभीर चिंता पैदा करती है।

## 'इंडिया' 2024 में सरकार बनाएगा; केसी वेणुगोपाल ने 'एटीएम' तंज के लिए अमित शाह पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन-'इंडिया' ब्लॉक 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार बनाएगा। सामचार एजेंसीं च्यू से एक्सक्लूसिव बातचीत में उन्होंने कहा, 'दो दिवसीय मुंबई कॉन्क्लेव ने इंडिया ब्लॉक के बारे में ठोस एकता का संदेश दिया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एटीएम तंज के लिए अमित शाह पर निशाना साधा। कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को एटीएम मशीन बताने के शाह के आरोपों पर उन्होंने कहा हां कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य को गरीबों के लिए एटीएम मशीन बना रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमारी एटीएम मशीन राज्य के गरीब लोगों को मजबूत करने के लिए है। विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों को देखने के बाद हम बीजेपी की घबराहट



की स्थिति को समझ सकते हैं। हम सीट-बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम आसानी से उस प्रक्रिया पर आ जाएंगे। जहां तक संभव होगा, हम पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे। 2024 में चुनाव होने पर हम सरकार बनाएंगे।' कांग्रेस नेता ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा 'इंडिया ब्लॉक का प्रत्येक सदस्य अपने हितों को आगे बढ़ाने और अपने नेताओं को शीर्ष पदों पर पेश करने के लिए काम कर रहा है। कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को 'एटीएम मशीन' बताने के केंद्रिय मंत्री अमित शाह के आरोपों पर उन्होंने कहा, 'हां, कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य को गरीबों के लिए एटीएम मशीन बना रही है।' छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'हमारी एटीएम मशीन राज्य के गरीब लोगों को मजबूत करने के लिए है। क्या मैं अमित शाह जी से एक सवाल पूछ सकता हूं। जब हम एटीएम मशीनों से गरीब लोगों को मजबूत कर रहे हैं, तो आपका एटीएम एक या दो प्रमुख कॉर्पोरेट प्रमुखों को मजबूत करने के लिए क्या कर रहा है यही कारण है कि हम घोटाले देख रहे हैं। आपका एटीएम केवल तीन करोड़पतियों के लिए काम करेगा। हमारा एटीएम गरीब लोगों के लिए काम करेगा। यही अंतर है।

## बीजेपी 'सबका साथ, सबका विकास' में करती है विश्वास त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने दिया बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सिपाहीजला (त्रिपुरा)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को सिपाहीजला जिले के सोनमपुरा पंचायत के एक सार्वजनिक रैली में



शिरकत किया। इस क्षेत्र में 5 सितंबर को उपचुनाव होना है। सीएम साहा ने वहां के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार 'सबका साथ सबका विकास' में विश्वास करती है। सीएम साहा ने बीजेपी पार्टी के समर्थन में तारीफों के पुल बांधें। सोनमपुरा उप-मंडल में स्थित धनपुर और त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के बॉक्सानगर विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 5 सितंबर को होने हैं और मतगणना 8 सितंबर को होगी। इसको लेकर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि राज्य के सभी लोगों के लिए हमारी सरकार की प्राथमिकता पिछली सरकार से बिल्कुल विपरीत है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। सीएम साहा ने रैली के दौरान कहा, ठसाल 2023 के चुनाव के दौरान कई लोगों ने सरकार में बदलाव की उम्मीद की थी, लेकिन एक बार फिर भाजपा-आईपीएफटी सरकार को सत्ता में बने रहने के लिए और सभी के सेवा में कार्यरत रहने के लिए लोगों का आशीर्वाद मिला। हमारी पार्टी राज्य के लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। हमारी सरकार लगातार लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देती आई है। राज्य के सभी लोगों के लिए हमारी सरकार की प्राथमिकता पिछली सरकार से बिल्कुल विपरीत है। हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करती है। सोनमपुरा उप-मंडल में स्थित धनपुर और त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के बॉक्सानगर विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 5 सितंबर को होने वाला हैं और 8 सितंबर को मतगणना होगी।

## भगवान ने दिया मुझे तीसरा जन्म', कर्नाटक के पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने क्यों कहा ऐसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** स्ट्रोक से उबर चुके कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को कहा कि यह उनका 'तीसरा जन्म' है। भगवान और डॉक्टरों की टीम का शुक्रिया करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि उन्हें राज्य के लोगों के बीच रहने का नया जीवन मिला है। डिस्चार्ज होने से पहले कुमारस्वामी ने लोगों से स्ट्रोक और पैरालिसिस के लक्षणों को हल्के में न लेने की भी अपील की। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि उन्हें तीसरा जन्म मिला है। डिस्चार्ज होने से पहले



कुमारस्वामी ने लोगों से स्ट्रोक और पैरालिसिस के लक्षणों को हल्के में न लेने की अपील की। उल्लेखनीय है कि कुमारस्वामी को 30 अगस्त की सुबह शहर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें स्ट्रोक हुआ था जो बाद में पूरी तरह से ठीक हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा 'पिछले पांच दिनों से, मेरे कुछ दोस्त डरे हुए थे। अगर मैं आपसे बात कर रहा हूं, तो मुझे कहना होगा कि मुझे पुनर्जन्म मिला है। भगवान ने मुझे तीसरा जन्म दिया है। किसी व्यक्ति को एक जन्म मिलता है, लेकिन मेरे मामले में 64 वर्ष की आयु में, मुझे तीसरा जन्म मिला है। उल्लेखनीय है कि कुमारस्वामी को 30 अगस्त की सुबह शहर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें स्ट्रोक हुआ था, जो बाद में पूरी तरह से ठीक हो गया। उस समय को याद करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि वह 30 अगस्त को लगभग 2 बजे उठे और उन्हें लगा कि उनका स्वास्थ्य अच्छी स्थिति में नहीं है। उन्होंने तुरंत अपने बहनोई और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएन मंजूनाथ को फोन किया और बाद में एक न्यूरोलॉजिस्ट से सलाह ली, जिसके बाद वह अस्पताल में भर्ती हुए।कुमारस्वामी ने राज्य के लोगों से अपील की कि जब भी उन्हें ऐसे लक्षण नजर आएं तो वे एक मिनट भी बर्बाद न करें। उन्होंने कहा, 'मुझे रात 2 बजे पैरालिसिस के लक्षण महसूस हुए। अगर इसे नजरअंदाज कर दिया होता और कहा होता कि मैं सुबह डॉक्टर के पास जाऊंगा, तो मैं अपना बाकी जीवन स्थायी रूप से बिस्तर पर बिता देता।'लोगों को सलाह देते हुए कुमारस्वामी ने कहा, 'यह कभी न सोचें कि डॉक्टर पैसा कमाने के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि जब मरीज आता है तो वे पूरी ईमानदारी से उसे बचाने का प्रयास करते हैं।

## सूर्य के ताप से किस तरह खुद को बचाएगा आदित्य एल1

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत अंतरिक्ष सेक्टर में एक के बाद एक ऊंची छलांग लगा रहा है। 23 अगस्त को चंद्रयान-3 मिशन के तहत रोवर की चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग कराई और अब अपने सौर




मिशन को पूरा करने की दिशा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपना पहला कदम बढाया 2 सितंबर को इसरो ने श्रीहरिकोटा से आदित्य एल1 का सफल प्रक्षेपण किया। अब से चार महीने बाद अंतरिक्ष यान सूर्य के निकट अपनी हेलो कक्षा एल1 पर सफलतापूर्वक स्थापित हो जाएगा। सूर्य मिशन को आदित्य एल-1 नाम इसलिए दिया गया क्योंकि यह पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर लैंग्रेंजियन बिंदु1 (एल1) में रहकर अपने अध्ययन कार्य को अंजाम देगा। सूर्य के इतने अधिक तापमान में आदित्य काम कैसे करेगा शनिवार यानी 2 सितंबर को इसरो ने श्रीहरिकोटा से आदित्य एल1 का सफल प्रक्षेपण किया। अब से चार महीने बाद, अंतरिक्ष यान सूर्य के निकट अपनी हेलो कक्षा, एल1 पर सफलतापूर्वक स्थापित हो जाएगा। विशेषज्ञों ने मिशन के सफल प्रक्षेपण व विज्ञान एवं मानवता के लिए इसके महत्व को सराहा। पृथ्वी और सूर्य के बीच पांच लैंग्रेंजियन बिंदु (पार्किंग क्षेत्र) हैं जहां पहुंचने पर कोई वस्तु वहीं रुक जाती है। सूर्य मिशन को आदित्य एल-1 नाम इसलिए दिया गया क्योंकि यह पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर लैंग्रेंजियन बिंदु1 (एल1) में रहकर अपने अध्ययन कार्य को अंजाम देगा। अब सवाल है कि सूर्य के इतने अधिक तापमान में हमारा आदित्य एल1 काम कैसे करेगा कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और सूर्य के रहस्यों को कितना जान पाएगा आदित्य एल 1।

## इंफाल में अंतिम बचे 10 कुकी परिवारों को किया गया शिफ्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल में 10 कुकी परिवारों को कांगपोकपी में स्थानांतरित किया गया। चार महीने पहले राज्य मे जातीय हिंसा भड़कने के बावजूद वह अपने घरों को छोड़ कर कहीं नहीं गए थे। मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से लगभग 300 आदिवासी परिवारों ने अपना घर छोड़ दिया है। इसी बीच इंफाल में 10 कुकी परिवारों में से अंतिम परिवार कांगपोकपी में स्थानांतरित किए गए। कुकी परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें न्यू लाम्बुलेन क्षेत्र में मोटबुंग में उनके आवासों से जबरन बेदखल किया गया है। बता दें मणिपुर की आबादी में मेइतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है। एक अधिकारी ने बताया कि इन परिवारों को शनिवार (2 सितंबर) की सुबह ही उत्तरी किनारे पर कुकी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले में ले जाया गया, क्योंकि ये हमलावरों के टारगेट में बने हुए थे। 10 कुकी परिवारों को इंफाल से लगभग 25 किमी दूर कांगपोकपी जिले के मोटबुंग तक 'सुरक्षित मार्ग' प्रदान किया गया। इन सब के बीच कुकी परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें न्यू लाम्बुलेन क्षेत्र में मोटबुंग में उनके आवासों से जबरन बेदखल किया गया है। कुकी इलाके की सुरक्षा करने वाले स्वयंसेवकों में से एक एस प्राइम वैफेई ने दावा किया है कि कुछ वर्दीधारी सशस्त्र कर्मियों की एक टीम 1 सितंबर की रात इंफाल के न्यू लाम्बुलेन में आई और 2 सितंबर को इम्फाल में कुकी इलाके में बचे अंतिम निवासियों को उनके घरों से जबरन बेदखल कर दिया गया।

# क्षत्रिय सोनार युवक समिति महिला समाज९०९ दरियाबाद कल्याणी देवी प्रयागराज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** क्षत्रिय सोनार युवक समिति एवं महिला समाज के अध्यक्ष गुलाब वर्मा उर्फ रोहित वर्मा महामंत्री इन्द्रेश वर्मा कोषाध्यक्ष शिवम सोनी के नेतृत्व में प्रयागराज ठस्वर्णकार धर्मशालाठ में समिति के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्वर्णकार समाज के श्री शिव शंकर वर्मा को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर एवं श्री अशोक कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष प्रयागराज जिला/ महानगर उद्योग व्यापार मंडल, इंद्रेश नाथ वर्मा जिला संगठन मंत्री प्रयागराज जिला/ महानगर उद्योग व्यापार मंडल, रिंकू वर्मा महानगर मंत्री प्रयागराज जिला/ महानगर उद्योग व्यापार मंडल एवं राकेश वर्मा को महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी का मनोनीत होने पर क्षत्रिय सोनार युवक समिति एवं महिला समाज में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे अध्यक्ष रोहित वर्मा, शिवम सोनी, रवींद्र वर्मा, कामता प्रसाद, राजेश वर्मा, क्रांति जौहरी, रचना वर्मा, हरीश वर्मा, डेविड वर्मा, इंजी.दीनानाथ वर्मा, राजकुमार सोनी, बसंत लाल आजाद, श्याम जी वर्मा, दुर्गा प्रसाद सेठ, पप्पू जी वर्मा, राजीव कृष्ण श्रीवास्तव, अनूप वर्मा, अवधेश नारायण, अजीत सोनी, अक्षय लाल सोनी, दिनेश हेमकर, हेमंत जौहरी, सुधीर वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।



# तिरंगा यात्रा निकाल किया सांसद आवास का घेराव, सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बारा प्रयागराज।** रविवार को प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष वसीम अहमद की अगुवाई में जनपद के शिक्षामित्रों ने सांसद आवास का घेराव कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी एवम सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल के आवास पर सैकड़ों महिला व पुरुष शिक्षामित्रों के साथ छः सूत्रीय मांगपत्र देते हुए वसीम अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी की सभा मे वादा किया था कि शिक्षामित्रों की जिम्मेदारी मेरी है। इसलिए वादा पूरा करने की गुहार हम सब लगाने आये हैं। मुख्य रूप से समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक 12 माह व 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित करते हुए सम्मानजनक वेतन/ मानदेय देने सहित कुल 6 मांगे शामिल रहीं। दोनो सांसदों ने मांगों को सरकार तक पहुंचाकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। संरक्षक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि विगत 22 वर्षों से बेसिक शिक्षा में सेवा देने के बाद भी हम सब सरकार की उदासीनता का दंश झेलने को मजबूर हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि यदि समय रहते हमारी मांगें पूरी न हुई तो आगामी 9 अक्टूबर को शिक्षामित्र राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने को बाध्य होगा। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से सुनील तिवारी, जनार्दन पाण्डेय, शरद मिश्रा, दशरथ भारती, प्रताप बहादुर सिंह, रीता पाण्डेय, आशा देवी, शारदा देवी, नाहिद, रीता शुक्ला, संगीता मिश्रा, विनय सिंह, सरोज सिंह यादव, महेंद्र पाण्डेय, सुमन्त भार्गव, कमलाकर सिंह, विजय प्रकाश सोनकर, वीरेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, सिद्धराज सिंह, रंजीत यादव, हरिभान सिंह, अमर बहादुर सहित सैकड़ों महिला पुरुष शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



# प्रयागराज,थाना प्रभारी बारा समेत कई लाइन हाजिर, विनोद कुमार बने नए प्रभारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यमुनानगर के बारा थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं दो उपनिरीक्षकों को भी लाइन हाजिर किया गया। बता दें कि शनिवार को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से निरीक्षक विनोद कुमार को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक बारा स्थानान्तरित किया गया, निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार सोनकर को प्रभारी निरीक्षक बारा से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया, निरीक्षक दीपक कुमार को प्रभारी विशेष जाँच प्रकोष्ठ से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया, निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम को रिजर्व पुलिस लाइन्स से प्रभारी विशेष जाँच प्रकोष्ठ स्थानान्तरित किया गया, उपनिरीक्षक हेमेन्द्र प्रताप सिंह को थाना कोराव से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया व उपनिरीक्षक ब्रजेश सिंह को थाना कोरांव से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया है। प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर ने यमुनानगर के बारा थाना प्रभारी की लाइन हाजिर कर दिया। वहीं दो उपनिरीक्षकों को भी लाइन हाजिर किया गया। बता दें कि शनिवार को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से निरीक्षक विनोद कुमार को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक बारा स्थानान्तरित किया गया, निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार सोनकर को प्रभारी निरीक्षक बारा से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया, निरीक्षक दीपक कुमार को प्रभारी विशेष जाँच प्रकोष्ठ से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित किया गया, निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम को रिजर्व पुलिस लाइन्स से प्रभारी विशेष जाँच प्रकोष्ठ स्थानान्तरित किया गया, उपनिरीक्षक हेमेन्द्र प्रताप सिंह को थाना कोरांव से रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थानान्तरित।



# मेडिकल कॉलेज के सभागार में अमृत महोत्सव एवं पूर्व कार्यकर्ता सम्मेलन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मेडिकल कॉलेज के सभागार में अमृत महोत्सव एवं पूर्व कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम कर साल भर की आगामी कार्यक्रमों की योजना को सामने रखा कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एक सिंह जी ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन श्री आशीष सिंह चौहान जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ में काशी प्रांत के अध्यक्ष एवं प्रांत मंत्री प्रांत संगठन मंत्री क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं अन्य महत्वपूर्ण पूर्व कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया जिसमें से मुख्य रूप से सोनभद्र से विधायक श्री भूपेश चौबे एवं पूर्व विधायक प्रतापगढ़ की राजोजा एवं प्रयागराज के वर्तमान महापौर गणेश केसरवानी एवं तमाम जिलों के भाजपा जिला अध्यक्ष काशी प्रांत के अन्य अन्य जिलों में महत्वपूर्ण भूमिका में सरकारी योजनाओं पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया मंच का संचालन श्याम प्रकाश पांडे एवं विनायक पांडे ने किया जिसमें पूर्व कार्यकर्ता अंजनी शुक्ला लक्ष्मीकांत शुक्ला सनी शुक्ला रोहित मिश्रा रन अवस्थाना चक्रधारी तिवारी अनुपम अनुराग रितेश तिवारी सुधाकर पांडे रोहित पांडे पप्पू आदि हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।




## मेरी माटी मेरा देश के तहत भाजपा जसरा मंडल की बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बारा प्रयागराज।** जसरा विकाश खंड की सभी ग्राम सभाओं में पंच प्रण की प्रतिज्ञा का सामूहिक कार्यक्रम करना है सफल प्रत्येक ग्राम सभा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लगाने हैं 75 पौधे। उक्त बातें बारा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहीं। आपको बता दें कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मना रही उसी के अंतर्गत एक माह तक चलेगा जिसमे पौधे लगाना हर घर से मिट्टी संग्रह करना विद्यालय की दीवार पर शिलापट लगवाना। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश मिश्रा, राकेश पाठक, स्वतंत्र शुक्ला, रामसागर द्विवेदी, शिवाकांत तिवारी, राहुल पाल, विनय द्विवेदी, दीप चंद गुप्ता, टिंकू मिश्रा, अर्जुन विश्वकर्मा, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नेकी का डब्बा फाउन्डेशन ने 300 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** ग्रेटर टेकजोन 4 नेकी का डब्बा फाऊंडेशनठ की मुहिम के तहत ठनेकी का दोना-पत्तलठ के कार्यक्रम में, लगभग 300 जरूरतमंद को भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजक रोहित कठपाल एवम् ऋतु गुप्ता थे। ठनेकी का डब्बा फाऊंडेशनठ के संस्थापक गिरीश शुक्ला ने बताया कि हमलोग पिछले कई सालों से गरीब जरूरतमंदों के लिए काम करते आ रहे है जिसका आधार उतरन से है। कुछ वर्ष पूर्व संस्था की संयोजक कमेटी पूजा ठेनुआ, उर्वशी, संगीता कमल किशोर, रजत अग्रवाल और अन्य ने संकल्प लिया कि सेवा बस्ती (झुग्गियों) में रहने को मजबूर जरूरतमंदों को भोजन कराएंगे और इस मुहिम का नाम ठनेकी का दोना-पत्तलठ रखा गया, जिसका नामकरण जानी-मानी उपन्यास लेखिका सपना जैन जी के द्वारा किया गया। यह मुहिम भूखे को खाना खिलाने का एक अनोखा प्रयास है, चूंकि उक्त मुहिम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर हुई अतः टीम इस कार्यक्रम में कभी भी प्लास्टिक / थर्माकोल के प्लेट का इस्तेमाल नहीं करती। अब लोग बंद कमरों में केक काटने के बजाय गरीब जरूरतमंदों के बीच जाकर खुशियां बांटने में ज्यादा यकीन करने लगे हैं। इस तरह मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद गरीब जरूरतमंद तक पहुंचाने का माध्यम नेकी का डब्बा फाउण्डेशन बन रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे लोगों में पी.एन. राय, हर्षवर्धन मिश्रा रजत अग्रवाल, डी एन सेठ इत्यादि उपस्थित थे।



# सीतापुर में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर ।** इस बैठक की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा रहे। इस बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख,नगर पालिका अध्यक्ष सहित बैठक में मौजूद बीजेपी नेताओं को संबोधित करते हुते कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मात्र है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी की महत्वा बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी केवल सत्ता में रहने के लिए कार्य नही करती है। वह निरंतर देश को ऊंचाईयों पर ले जाने और देश की सुरक्षा को लेकर कार्य करती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 8 सितंबर से 13 सितंबर तक गांव-गांव चलेगा। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बीजेपी के प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव भ्रमण कर वीरों की इस धरती की मिट्टी की महत्ता जनता के बीच ले जाने का काम करना है। बीजेपी जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत पूरे देश के कोने-कोने से माटी एकत्रित कर दिल्ली में उनका मिश्रण कर अमृत वन बनाने की योजना तैयार की गयी है। इस मौके पर सांसद राजेश वर्मा,क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा,विधायक निर्मल वर्मा,शशांक त्रिवेदी,रामकृष्ण भार्गव,ज्ञान तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रध्दा सागर,पूर्व अध्यक्ष अजय गुप्ता,राकेश त्रिपाठी,राम नरेश मिश्रा,जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर,जितेंद्र मेहरोत्रा, राजेश शुक्ला,सुधारकर शुक्ला,जिला सयोजक मिडिया महेंद्र अग्रवाल,सह संयोजक आशीष त्रिवेदी, इंदू सिंह चौहान,जया सिंह,रोहित सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा,जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा,खैराबाद नगर पालिका प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू सुनील मिश्रा,रमेश भार्गव दीपू,नीरज वर्मा झल्लर एवं जिले के समस्त मंडल अध्यक्ष,ब्लॉक प्रमुख,नपा अध्यक्ष सहित मंडल प्रभारी मौजूद रहे।








# बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए गुल फाउंडेशन के द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** गुल फाउंडेशन के द्वारा बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करने का गुल फाउंडेशन द्वारा लखनऊ, प्रयागराज मे किया जा रहा है इसी क्रम मे आज क्रॉसवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज मे पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि बच्चियों मे जागरूकता आये और उनकी छुपी हुई प्रतिभा को निखारा जा सके इस प्रतियोगिता मे 130 बच्चों ने भाग लिया उनकी पेंटिंग कलाकारी को देखकर प्रथम से पांच तक स्थान प्राप्त बच्चियों को प्रधानाचार्य श्रीमती स्नेह लता यादव के कर कमलों द्वारा बच्चियों पुरस्कार एवं मेडल, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, गुल फाउंडेशन द्वारा कॉलेज के अध्यापिकायों को भी सम्मानित किया सम्मानित होने वालो मे सर्वप्रथम श्रीमती तहसीन फात्मा, प्रीति शिवपुरी, श्वेता श्रीवास्तव,शमामा अब्दी, बबिता मौर्या, प्रीती कुशल, अर्चना त्रिवेदी, मंजू लता, आराधना, सुनीता श्रीवास्तव, को सम्मानित किया, विशेष सम्मान प्रधानाचार्य श्रीमती स्नेह लता यादव जी का गुल फाउंडेशन की अध्यक्ष गुलेराना सईद के हाथों किया गया, आयोजित कार्यक्रम मे विशेष सहयोग करने वाले गुल फाउंडेशन के सदस्य जोया, सीमा, परवीन, आमीर, एवं श्री राजेश वर्मा, जन संपर्क निरीक्षक डाक विभाग, श्री अमित श्रीवास्तव,इवेंट ऑर्गनाइजर, एवं सचिन उपस्थित रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस कुण्डा में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें, 06 मामलों का मौके पर किया निस्तारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो की लगायी क्लास, जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें, लापरवाही न बरते- से 45, विकास विभाग से 19, समाज कल्याण से 04, शिक्षा से 02, स्वास्थ्य से 01 एवं 49 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर अथवा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता



जिलाधिकारी, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 185 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 185 शिकायतों में से 65 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो की क्लास लेते हुये स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की से लेते हुये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से शिकायतों का निस्तारण करायें। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पोर्टल पर आयी हुई शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये, शिकायतें डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पायें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आई0जी0आर0एस0 पोर्टल की निरन्तर मानीटरिंग की जा रही है।इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके।अधिकारीगण अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रतापूर्वक सुने।प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुण्डा, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घोसी में मतदाताओं को धमका रही पुलिस', आईजी आजमगढ़ से शिवपाल यादव ने की शिकायत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**आजमगढ़।** घोसी उपचुनाव में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने सोमवार को आईजी आजमगढ़ अखिलेश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि घोसी में सरकार का प्रेशर कम वोटिंग कराने का है। इस कवायद में थाना प्रभारी और सीओ लगे हैं। मुस्लिम मतदाताओं को वोटिंग से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सपा नेता ने चुनाव आयोग से भी शिकायत करने की बात कही। सुबह करीब 11 बजे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक आलम बदी आजमी, मतदाताओं को मतदान करने को लेकर धमका रहे है। खासतौर से मुस्लिम मतदाताओं को धमकाया जा रहा है। जबकि हम चाहते हैं कि घोसी में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो।सपा नेता ने आगे कहा कि भाजपा को हार का डर सता रहा है। कम वोटिंग कराने की कवायद में शासन के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन जुटा हुआ है। सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सपा प्रत्याशी द्वारा पैसा बांटे जाने के आरोप पर उन्होंने कहा कि यह काम भाजपा के 40 मंत्रियों और डिप्टी सीएम ने किया है। घोसी से मऊ और आजमगढ़ तक लोगों को



नफीस अहमद और निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव के साथ आईजी अखिलेश कुमार के कार्यालय पहुंचे। आईजी से बातचीत में घोसी उपचुनाव में सत्ता के दुरुपयोग की शिकायत की। इसके बाद मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि घोसी विधानसभा अंतर्गत आने वाले दो थानों घोसी और गोलागंज के प्रभारियों के साथ ही साथ सीओ विनीत सिंह व अरूण सिंह गांव-गांव व मोहल्लों में घूम कर बुला-बुला कर पैसा बांटा गया। ओमप्रकाश राजभर को बताया बहरूपिया शिवपाल यादव ने सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बयान पर कहा कि वह बहरूपिया है। कुछ दिन पहले तक वे प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री योगी के बारे में क्या-क्या बोलते थे, यह सभी लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि वे हमेशा समाजवादी रहे हैं। कभी दल नहीं बदला है। ओमप्रकाश राजभर तो दलबदलू है।

# मंत्री सतीश शर्मा ने शिवलिंग के अर्घ्य में धोए हाथ, पास में खड़े रहे जितिन प्रसाद, सपा-कांग्रेस ने घेरा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**रामपुर ।** यूपी के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिस पर अलग-अलग लोग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मंत्री जी जिले के रामपुर स्थित पौराणिक लोधेश्वर महादेवा मंदिर में शिवलिंग के अर्घ्य में हाथ धोते नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा की थी। कांग्रेस ने साधा निशाना, कहा- इन्हें इतना भी पता नहीं कि शिवलिंग के समीप हाथ नहीं धोते उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा शिवालय में शिवलिंग के अर्घ्य से सटाकर ही हाथ धो रहे हैं। बगल में एक और मंत्री जितिन प्रसाद खड़े होकर टकटकी निगाह से देख रहे हैं।



यूजर्स ने उनकी इस हरकत पर नाराजगी जताई है। वीडियो में जिले के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद भी हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। वीडियो में मंत्री पुजारी से इशारे में कुछ कहते हैं जिसके बाद पुजारी लोटे से पानी डालते हैं और मंत्री शिवलिंग के अर्घ्य में ही हाथ धो देते हैं। यह वीडियो 27 अगस्त का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सतीश शर्मा और जितिन प्रसाद रामनगर तहसील में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित धर्म के नाम पर, देवी-देवताओं के नाम पर राजनीति करने वाले और कुर्सी पर बैठने वाले इन नीचों के पास इतनी सामान्य सी बुद्धि भी नहीं कि शिवलिंग के समीप हाथ नहीं धोया जाता। इन दुर्बुद्धि वालों के लिए हमारी आस्था, हमारा विश्वास, हमारे देवी-देवता केवल राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के साधन मात्र हैं। उससे अधिक ना इन्हें ईश्वर में आस्था है, ना ही जनता की आस्था में विश्वास।

# बरेली के युवक ने इंस्टाग्राम पर लिखा- बाबा की मौत मंडरा रही है

(आधुनिक समाचार सेवा)

**हाफिजगंज।** आरोपी अनस अंसारी ने इंस्टाग्राम पर धमकी



भरे मैसेज भेजे। उसने लिखा कि बाबा की मौत मंडरा रही है। उसके मैसेज के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुए। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने धीरेंद्र शास्त्री को धमकी देने की बात कबूल की है। बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के खाता गांव निवासी युवक अनस अंसारी ने सोशल मीडिया पर बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर धमकी भरे मैसेज किए। उसके मैसेज के स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद रविवार को हिंदूवादी संगठनों ने कार्रवाई की मांग की। इस पर रिठौरा चौकी के प्रभारी नवीन कुमार की ओर से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी अनस अंसारी को हिरासत में लिया है। हाफिजगंज थाने के इंस्पेक्टर चेतराम वर्मा ने बताया कि आरोपी की चैट के स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं।

# ब्राह्मण समाज महासंघ ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए दिया ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सेक्टर 71 थानाध्यक्ष एवं



एडीसीपी रामकृष्ण तिवारी को ब्राह्मण समाज महासंघ ने स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ एफआईआर लिखने के लिये प्रार्थना पत्र दिया । पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने ब्राम्हण समाज पर समाज विरोधी एवं समाज में बैर फैलाने का आरोप लगाते हुए ब्राम्हणो के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था जिसके चलते ब्राह्मण समाज काफी नाराज़ हैं। इसी के चलते आज ब्राह्मण समाज महासंघ ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए ज्ञापन दिया है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज महासंघ (रजि.)के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ,राष्ट्रीय महासचिव लोकेश त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष अरुण मिश्रा,सचिव प्रभाकर झा,सचिव राजेश शुक्ला (पिन्टू),राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला कांत मिश्रा, रामनारायण पाण्डेय,कौशलेंद्र दुबे,मयंक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गौतमबुद्धनगर में बसेगा नया शहर ग्रेटर नोएडा फेस-2

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के निकट ही एक नया शहर 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर बसाया जाएगा। यह नया शहर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मास्टर प्लान को सैद्धांतिक सहमति जरुर दे दी हो, लेकिन मास्टर प्लान के पास होने में कई तरह की बाधाएं पैदा हो रही है। इन बाधाओं को दूर करने के बाद ही एक नए शहर का सपना साकार हो सकेगा। आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा द्वारा जेवर ऐयरपोर्ट के पास एक नया शहर बसाया जा रहा है। इसके लिए यमुना प्राधिकरण की ओर से आवासीय भूखंड प्लाट की योजना भी लांच की गई थी। इस योजना में आवेदन करने की आज आखिरी तारीख है। ठीक इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी नया शहर 'ग्रेटर नोएडा फेस-2' बसाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अगस्त माह में हुई बोर्ड बैठक में प्राधिकरण के फेस-2 (मास्टर प्लान 2041) मास्टर प्लान को सैद्धांतिक सहमति मिल गई थी। फेस-2 करीब 40 हजार हेक्टेयर में बसाया जाएगा। प्राधिकरण सूत्रों के अनुसार, मास्टर प्लान में सभी स्टेक होल्डरों से बातचीत होनी है। इसमें सिंचाई विभाग, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, जिला प्रशासन आदि शामिल है। अगर मास्टर प्लान के एरिया कोई नहर, नाला आदि है तो इसकी सही जानकारी सिंचाई विभाग ही देगा। अगर कोई वेटलैंड या अन्य ग्रीनरी है तो इस वन विभाग बताएगा। तालाब, झील, पोखर आदि की जानकारी जिला प्रशासन देगा, इसलिए यह बातचीत जरूरी है। फेस-2 में अधिकांश गांव गौतमबुद्ध नगर जिले के हैं। फेस-2 हापुड़ और बुलंदशहर सीमा तक पहुंच जाएगा। फेस-2 मास्टर प्लान लागू होने से गांवों के विकास का रास्ता भी साफ हो जाएगा। वर्ष 2007 में बनी थी योजना ग्रेटर नोएडा के फेस-2 मास्टर प्लान की योजना वर्ष 2007 में बनी थी। लंबे समय तक इस दिशा में कोई काम ही नहीं किया गया। तीन साल पहले ही मास्टर प्लान बनकर तैयार हो जाना चाहिए था। अब इस दिशा में तेजी आई है। उम्मीद है कि जल्द ही मास्टर प्लान बन जाएगा और उसे लागू किया जाएगा। अतिक्रमण से परेशानी मास्टर प्लान में देरी से तमाम दिक्कतें आ गई हैं। फेस-2 में अवैध निर्माण काफी हो गया है। गोदाम, वेयरहाउस, दुकान, स्कूल आदि बन गए। मास्टर प्लान के बाद परियोजनाओं को धरातल में उतारने पर ये निर्माण भी बाधा बन सकते हैं, इसलिए जरूरी है कि मास्टर प्लान तैयार करके उसे लागू कर दिया जाए।




# ट्रेन में खून से लथपथ महिला सिपाही के मामले में सीजे आवास पर रात को लगी अदालत, सरकार से जवाब तलब

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** सरयू एक्सप्रेस में खून से लथपथ मिली महिला सिपाही के मामले में रात आठ बजे मुख्य न्यायाधीश के आवास पर अदालत लगाई गई। दोपहर करीब सवा तीन बजे इस मामले से जुड़ा एक संदेश मुख्य न्यायधीश प्रीतिंकर दिवाकर दोपहर करीब सवा तीन बजे इस मामले से जुड़ा एक संदेश मुख्य न्यायधीश प्रीतिंकर दिवाकर के व्हाट्सएप आया। मुख्य न्यायाधीश ने मामले का संज्ञान लेते हुए रात आठ बजे अपने आवास पर अदालत लगाने का फरमान जारी कर दिया। अदालत बैठने की सूचना महाधिवक्ता को दी गई। तय समय पर रात आठ बजे सीजे आवास पर हाईकोर्ट का स्टॉफ, सरकारी वकील और याची अधिवक्ता पेश हुए। मुख्य न्यायधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सुनवाई शुरू की। याची अधिवक्ता राम कौशिक ने मीडिया और



के व्हाट्सएप आया। मुख्य न्यायाधीश ने मामले का संज्ञान लेते हुए रात आठ बजे अपने आवास पर अदालत लगाने का फरमान जारी कर दिया। सरयू एक्सप्रेस में अर्धनग्न अवस्था में खून से लथपथ महिला सिपाही के मामले का इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। इस मामले में सीजे के व्हाट्सएप पर पत्र याचिका मिलने के बाद रात को अदालत लगाई गई। कोर्ट ने रेलवे और अयोध्या जिले के पुलिस अधिकारियों को सोमवार को पूरी जानकारी के साथ मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत में तलब किया है। सरयू एक्सप्रेस में खून से लथपथ मिली महिला सिपाही के मामले में रात आठ बजे मुख्य न्यायाधीश के आवास पर अदालत लगाई गई। सोशल रिपोर्ट का हवाला देते मामले की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अदालत से गुजारिश की कि अदालत इस मामले का स्वत संज्ञान ले।हाईकोर्ट में राज्य सरकार के शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने बताया कि इस मामले को लेकर अधिवक्ता राम कौशिक ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र याचिका प्रेषित की थी। कोर्ट ने पत्र याचिका का संज्ञान लिया है। रेलवे और अयोध्या के पुलिस अधिकारियों को पूरी जानकारी के साथ बुलाया गया है। गौरतलब है कि निर्मम हालत में ट्रेन में मिली महिला सिपाही की पहचान प्रयागराज जिले के सोरांव क्षेत्र की निवासिनी के रूप में हुई है। वह 1998 बैच की महिला सिपाही है। वह सुल्तानपुर में तैनात है। सावन मेला की ड्यूटी करने वह अयोध्या आ रही थी।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने/जांच किए जाने के सम्बंध में गठित समिति केमा0 सभापति व मा0 सदस्यगण द्वारा बैठक कर की गई समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी ने जनपद के कार्य योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में उठाये गये बिन्दुओं का ससमय कराया जाएगा समाधान मीरजापुर 03 सितम्बर 2023- प्रदेश सरकार द्वारा गठित उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने/जांच किए जाने के सम्बंध में गठित समिति के मा0 सभापति श्री सलिल विशनोई की अध्यक्षता एवं समिति के मा0 सदस्यगण डॉ दिनेश शर्मा, श्री पवन कुमार सिंह, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ रतन पाल सिंह, श्री सी0पी0 चन्द, श्री अनूप कुमार गुप्ता, श्री रविशंकर सिंह उर्फ पप्पू भैय्या, श्री मानेवन्द्र प्रताप सिंह एवं श्री हंसराज विश्वकर्मा के अलावा मा0 सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल के अलावा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र सौरभ गंगवार व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर बिन्दुवार समीक्षा कर गयी। बैठक में आवास विकास परिषद, विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत एवं नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत से सम्बन्धित प्रश्नावलियो एवं उत्तरालेख पर विस्तृत चर्चा की गयी। मा0 सभापति ने सभी सम्बनिधत विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने विभाग/निगम से सम्बन्धित सरकारी सम्पत्तियों को चिहिन्त करते हुये अभिलेखों में उल्लेख किया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जिन सरकारी सम्पत्तियों पर कही अवैध अतिक्रमण किसी के द्वारा किया गया हो तो तत्काल कार्यवाही करते हुये खाली कराया जाय। उन्होने



कहा कि नगर निगमों, विकास प्राधिकरण एवं जिला पंचाययतों की अवैध सम्पत्तियों को खाली कराकर औद्योगिक आस्थान/स्थापना या अन्य शासकीय कार्यो/भवनों के निर्माण के कार्य में उपयोग किया जा सकता है। उन्होने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व सचिव प्राधिकारण को भी निर्देशित करते हुये कहा कि इन विभागो द्वारा डेवलेपमेंट के तहत बनाये जाने वाली कालोनियों को पूरे योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाय जिसमें पार्क सड़क व अन्य सुविधायें उपलब्ध हों। उन्होने कहा कि जनपद मीरजापुर धार्मिक सांस्कृतिक व पर्यटन स्थल की नगरी है इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाय। विन्ध्य कारीडोर के निर्माण से जनपद में श्रद्धालुओं व पर्यटको की संख्या में बढ़ोतरी होने से जनपद की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होने कहा कि अधिकारी अपने कार्य शैली में सुधार व बदलाव लाते हुये सकारात्मक सोच के साथ कार्य करे ताकि जनपद को विकास पथ पर ले जाया जा सकें। नगर पालिका एवं जिला परिषद के गौशालाओं की जानकारी लेते हुये कहा कि अधिाशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्र के गौवंश आश्रय स्थलों को माह मे कम से कम दो बार निरीक्षण करते हुये वहां पर पायी जाने वाली कमियों को दूर करायें। कान्हा गौशाला के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद के द्वारा भूमि अधिग्रहण के मानक विगत तीन वर्षो में योजनावार हटाये गये अवैध कब्जो की संख्या वर्तमान में अवैध अतिक्रमण किये गये जमीनों एवं अवैध मकानों ध्वस्तीकरण की कार्यवाही एवं मानक व नीति, आवासी भवन भूखंडो को व्यवसायिक भवन भूखण्ड में परिवर्तन के मानक व नीति, आवासीय योजनाओं में व्यवसायिक भवनों की ऊंचाई व क्षेत्रफल गांव में रखरखाव के अभाव में अतिक्रमण से कब्जे किये गये पार्क, व्यवसायिक एवं आवासीय भवन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी। इसी प्रकार जिला पंचायतों के पास उपलब्ध खाली भूमि व कितने भू भाग पर जिला पंचायत द्वारा कराये गये निर्माण, जिला पंचायत के अर्न्गत कच्ची व पक्की सड़को, अस्पताल व सामुदायिक केन्द्र जिनका संचालन जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा हो। जिला पंचायत द्वारा चलाये जा रहे बाजार, मछली पालन, तालाब पट्टा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी। नगर पालिका परिषद/पंचायतों के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों, सुरक्षित भवनों पेयजल तथा शौचालय, स्वास्थ्य से सम्बन्धित योजनाये, संचालित चिकित्सालय, नगर निगत अन्तर्गत दवाओं के छिड़ाव स्वस्थ्य वातावरण उपलब्ध कराये के लिये पिछले तीन वर्षो में क्रय किये गये उपकरण व कार्यवाही के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक में उठाये गये सभी बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुये समिति के मा0 सभापति व मा0 सदस्यगण को आश्वस्त करते हुये कहा कि बैठक में उठाये गये सभी बिन्दुओं का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराते हुये कार्यवाही से समिति को तत्काल अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्र भानु सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक विजय नरायन सिंह के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## आम आदमी पार्टी में 3 दर्जन से अधिक लोगो ने ली सदस्यता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** जिले में आम आदमी पार्टी की बैठक संपन्न हुई। प्रेस नोट के अनुसार प्रेस नोट के अनुसारआम आदमी पार्टी जनपद



मिर्जापुर कार्यालय बी सिंह अकैडमी भरूहना में जिले कार्यकारिणी की बैठक 12:00 से 3:00 तक संपन्न हुआ। तत्पश्चाप काशी प्रांत पदाधिकारीयो की भी समीक्षा बैठक हुई । मुख्य अतिथि काशी प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन कुमार तिवारी जी थे। आज के कार्यक्रम में मिर्जापुर के विभिन्न राजनीतिक दलों जिसमें समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, एवं बहुजन समाज पार्टी से आज 40 लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता काशी प्रांत अध्यक्ष श्री पवन कुमार तिवारी जी से ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से एडवोकेट राम लखन सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । आप समाजवादी पार्टी के चुनार नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व चुनार अधिवक्ता बार संघ के भी अध्यक्ष रह चुके आदि रहे।

## गैपुरा चौकी परिसर में चौकीदार ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल कर लगाइए आग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चौकी परिसर में शनिवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे एक चौकीदार ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा लिया। चौकीदार को आग से घिरा देख चौकी की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने आग बुझाकर उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी संतोष कुमार 42 गैपुरा चौकी में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। उसके खिलाफ एक व्यक्ति ने चौकी में प्रार्थना पत्र देकर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। व्यक्ति का आरोप था कि वह आए दिन उसकी मां को परेशान करता रहता था। बार-बार कॉल करता था। शिकायत पर पुलिस शनिवार को दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान चौकीदार चौकी परिसर में खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। चौकीदार को आग से घिरा देख अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ व चौकी की पुलिस भी मौके में पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह आग को बुझाया। उसके बाद उसे मंडलीय अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टर ने उपचार के बाद हालत गंभीर देख वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। सीओ सिटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री ने उच्चीकरण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सीखड़ ब्लाक के ग्राम सभा सर्वेश्वर, पिपराही, धन्नोपुर, बजरडिहा, पसियाही, वीदापुर, डोमनपुर, भागीरथपुर, मझरा, रामगढ़, सड़क उच्चीकरण के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि बाढ़ में चारों तरफ से सड़के डूब जाती हैं। उन्होंने कहा कि उसे इस तरीके से बनाया जाए कि बाढ़ के समय क्षेत्र यदि डूब भी जाए किंतु सड़कों को ऐसा बनाया जाए कि गांव का आवागमन प्रभावित न हो। मंत्री ने सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जो सड़के बाढ़ में डूब जाती है उन्हें इस तरीके से बनाया जाए की बाढ़ के समय में आवागमन प्रभावित न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, भाजपा महामंत्री हरि शंकर पटेल, जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, जिला महासचिव सुरेश पटेल, जोन अध्यक्ष सुखराज पटेल, जिला सचिव युवा मंच रविंद्र पटेल, सेक्टर अध्यक्ष रजनीश शुक्ला, सेक्टर अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल आदि लोग उपस्थित रहें।

## जनपद मिर्जापुर के सम्मानित अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करके अपनी मांग रखी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मीरजापुर के बतौर प्रतिनिधि के रूप में संघ के सचिव प्रवीण कुमार दीक्षित ने की । धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व बिहार राज्य के प्रभारी लालजी सिंह एडवोकेट ने किया। धरना प्रदर्शन शंकर दुबे एडवोकेट, साबीर अली एडवोकेट राजकुमार पाण्डेय एडवोकेट, विनोद कुमार सिंह एडवोकेट, संजय यादव एडवोकेट, हरी लाल बिंद एडवोकेट, सत्य प्रकाश गुप्ता गांधी एडवोकेट, विष्णु सिंह एडवोकेट, संतोष कुमार सिंह गौतम एडवोकेट, आशुतोष अग्रवाल एडवोकेट, संजय कुमार उपाध्याय



को संबोधित करते हुए विभिन्न अधिकताओं ने हापुड़ में शांति पूर्वक आंदोलन कर रहे अधिवक्ताओं पर हापुड़ पुलिस द्वारा बरबर्ता पूर्वक किए गए लाठी चार्ज की निंदा व भर्त्सना की गई । धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता बिहारी सिंह एडवोकेट, रविन्द्र पांडेय एडवोकेट, हीरालाल पांडे एडवोकेट, विमला एडवोकेट, सुशील कुमार दुबे एडवोकेट , पवन कुमार पांडे एडवोकेट, कैलाश यादव एडवोकेट, जंग बहादुर सिंह एडवोकेट, अवधेश कुमार द्विवेदी एडवोकेट, एखलाख अहमद एडवोकेट, मोहम्मद शमीम अहमद एडवोकेट व मंच के पदाधिकारी व सदस्य व अन्य विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## मेरी माटी–मेरा देश अभियान की तैयारी बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** आज दिनांक 01.09.2023 दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी बरौंधा कचार मीरजापुर के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी के अध्यक्षता में ङ्कमेरी माटी–मेरा देशङ्ग अभियान के अन्तर्गत बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह आये हुए सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं विभाग / प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों का आभार व्यक्त किया तथा बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव में ङ्कमेरी माटी–मेरा देशङ्ग अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक, मंडल व ग्राम स्तर पर कार्यक्रम करना है । जिलाध्यक्ष ने बताया कि हर घर से मिट्टी संग्रह करना है, जिसे एक कलश में भरा जायेगा । साथ में प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाना है । ग्राम के सरकारी विद्यालय में प्रधानमंत्री के संदेश का शिला फलक लगवाना है तथा नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड के हर घर से एक चुटकी चावल संग्रह करना है जिसे एक कलश में संग्रह करना है साथ में ब्लॉक के सभी गांव की मिट्टी को अमृत कलश को एकत्रित कर उनका एक कलश बनाना है । कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री / जिला कार्यक्रम सह संयोजक कौशल श्रीवास्तव ने किया । उक्त बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि0 जगदीश सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नारायण सिंह, जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, रविशंकर पांडेय, दिनेश वर्मा, जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह, गौरव ऊमर, लाल बहादुर सरोज, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जान्हवी तिवारी, चन्द्रांशु गोयल, प्रणेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ संयोजक / पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा ओमकार नाथ यादव, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कुमार के साथ - साथ मंडल प्रभारीगण, मंडल अध्यक्षगण, सभी विभाग / प्रकोष्ठ के जिला संयोजकगण उपस्थित रहे ।

## यू0पी-63( मीरजापुर ) के स्थानीय गैर वाणिज्यिक वाहनो से नही की जायेगी अस्थाई टोल बूथ पर वसूली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी द्वारा अस्थायी टोल बूथ प्रबन्धक अहरौरा के साथ बैठकें करके एवं शासन के साथ पत्राचार के उपरांत किया गया आदेश मीरजापुर 01 सितम्बर 2023- जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को अहैरारा क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा मिलकर मांग की गयी थी कि अस्थायी टोल बूथ अहरौरा पर स्थानीय गैर वाणिज्यिक वाहनो को आवागमन के लिये टोल बूथ पर दिये जाने वाले शुल्क से मुक्त किया जाय। उक्त का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने प्रबन्धक अस्थायी टोल बूथ अहरौरा के साथ बैठक कर यू0पी0-63 (मीरजापुर) से सम्बन्धित गैर वाणिज्यिक वाहनो से अस्थायी टोल बूथ पर वसूली न करने पर चर्चा की गयी। तत्पश्चात उक्त अस्थायी टोल बूथ पर स्थानीय गैर वाणिज्यिक वाहनों से वसूली न किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राजकीय राजमार्ग प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित पत्र के क्रम में अस्थायी टोल बूथ प्रबन्धक अहरौरा को निर्देशित करते हुये कहा गया कि यू0पी0-63 (मीरजापुर) से सम्बन्धित समस्त गैर वाणिज्यिक वाहनों से अस्थायी टोल बूथ पर वसूली न किया जाय। इसके पूर्व भी जिलाधिकारी द्वारा बैठक कर टोल वसूली से मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में शासन को पत्र भेजा गया था। जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश के क्रम में अस्थायी टोल बूथ के प्रबन्धक को निर्देशित करते हुये कहा कि उक्त आदेश का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये स्थानीय गैर वाणिज्यिक वाहनों से टोल बूथ पर वसूली न किया जाय।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में जनपद में 76937 महिलाओं को मिला फायदा अभी तक पहले जन्मे लड़का व लड़की पर मिलता था लाभ पोर्टल खुला और आशाओ को मिली फार्म भरने की जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** जनपद में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली राशि अब दो किस्तें मिलने का ऐलान पहले ही किया जा चुका है। उसके बाद 2-0 अपलोड करने के लिए पोर्टल को शुरू कर दिया गया है और फार्म भरने की जायेगा। इसके लिए कुछ दिनों के पोर्टल बन्द कर दिया लेकिन अब उसको खोल दिया गया है और फार्म भरने की जिम्मेदारी अब आशाओं को दी गई उनका यूजर आईडी व पासवर्ड आते है उनको अगले सप्ताह प्रशिक्षण भी देने का कार्य किया जायेगा । इस आशय की जानकारी पूर्व जांच हो जाने पर दो हजार रुपये व तीसरी किस्त प्रसव के उपरान्त बच्चे को सभी टीके लग जाने के साथ ही दो हजार रुपये दिए जाते है। लेकिन अब शासन स्तर से निर्देशित किया गया है कि अब यह दो किस्तो में ही भुगतान करने की व्यवस्था कर दी गई है। पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए बैंक द्वारा नकद प्रोत्साहन प्रदान करना। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिला कार्यक्रम सहायक विजय शंकर ने बताया कि आवेदन के लिए जरुरी




जिम्मेदारी अब जिले के आशाओं को दी गई है। पोर्टल के खुलते ही दूसरे जन्मे बच्ची पर भी अब पांच हजार दिये जाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। यह सुविधा पहले नही थी। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सी0एल0 वर्मा ने एक बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि हर गर्भवती के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। इससे लाभान्वित करने के लिए विभाग हर स्तर से प्रयास कर रहा है। जिले में यह योजना 1 जनवरी 2017 से संचालित है। जिले में 1 जनवरी 2017 से आज तक 76937 गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया है, लेकिन अब इसको दूसरे जन्मे बच्ची पर भी लाभ अब दिया पत्र के माध्यम से विभाग के द्वारा एक से दो दिन के अन्दर सभी आशाओं व प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सूचित कर दिया जायेगा। इस व्यवस्था के शुरू होने से जिले के नये लाभार्थी भी इस योजना से लाभान्वित हो सकेगे।नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वी0के0 चौधरी ने बताया कि इस योजना केअंतर्गत प्रथम बार गर्भवती होने पर महिलाओं को उनके खाते में सरकार द्वारा 5000 रुपये तीन किस्तों में दी जाती है। इस योजना के तहत पहली बार गर्भधारण करने वाली महिला को गर्भधारण के बाद रजिस्ट्रेशन कराने पर प्रथम किस्त के रुपमें एक हजार रुपये व दूसरी किस्त गर्भवती महिला को अपनीप्रसव प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए प्रथम बार गर्भधारण करने वाली पात्र महिला लाभार्थी राज्य स्तर से जारी हेल्पलाइन न0 104 व क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम से संपर्क करने और योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2017 से अब तक 76937 प्रथम बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को योजना का लाभ मिल चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उद्देश्य गर्भावस्था प्रसव और स्तनपान के दौरान महिलाओं को जागरुक करना और जच्चाण-बच्चा देखभाल और संस्थागत सेवा के उपयोग को बढ़ावा देना महिलाओं को पहले छः महीनों के लिए प्रारंभिक और विशेष स्तनपान और पोषण प्रथाओं का दस्तावेज आधार कार्ड की फोटोकॉपी बैंक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक आधार नंबर होने पर पहचान संबंधी पत्र जरूरी है। जिसके अंतर्गत पहली बार मां बनने वाली महिला व स्तनपान कराने वाली माता को उनके प्रथम बच्चे पर पांच हजार रुपए5000 रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती है । जानकारी हेतु प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आशा व एएनएम से सम्पर्क कर सकते है । इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में कुल लाभार्थी 11118 है जिसको 74710000 का भुगतान किया गया। इसके साथ ही योजना में अब 76937 महिलाओं पर 318456000 का भुगतान किया गया है।

## कजली महोत्सव का आयोजन कजली स्मारक का भी किया जायेगा लोकार्पण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मीरजापुर 01 सितम्बर 2023- वर्षा ऋतु का लोकप्रिय विधा कजली महोत्सव का आयोजन कल दिनांक 02 सितम्बर 2023 को स्थानीय बी0एल0जे0 ग्राउंड



महुवरिया (जी0आई0सी0 स्कूल के सामने) सांय 07 बजे से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं महोत्सव समिति मीरजापुर के द्वारा आयोजित किया गया हैं। उक्त कार्यक्रम के पूर्व आचार्य पंडित राम चन्द्र शुक्ल पार्क बरौधा तिराहा में कजली स्मारक का लोकार्पण सांय 06 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा0 वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथि श्री आशीष सिंह पटेल, मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग उत्तर प्रदेश होंगे। इसके अतिरिक्त के जनपद के सभी मा0 सांसदगण, मा0 विधायकगण एवं अन्य जन प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये सहायक पर्यटन अधिकारी ने बताया कि सांय 06:05 बजे से 06:45 बजे तक मुख्य अतिथि श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा0 वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री भारत सरकार के द्वारा आचार्य राम चन्द्र शुक्ल पार्क में कजली स्मारक का लोकार्पण एवं जनपद मीरजापुर के कजली गायन विधा से जुड़े कलाकारों (उ0प्र0 शाासन संस्कृति अनुभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार) को सम्मानित किया जायेगा। 06:55 बजे मा0 मुख्य अतिथि के द्वारा बी0एल0जे0 ग्रांउड महुवरिया में कजली महोत्सव का उद्घाटन किया जायेगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्टि अतिथि एवं मा0 जन प्रतिनिधिगण व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं कजली महोत्सव का शुभारम्भ होगा। उन्होंने महोत्सव के बारे मे बताया कि सांय 07:20 से 07:30 बजे तक कजरी गायक रमेश भंवरा की प्रस्तुति, सांय 07:40 से 07:50 बजे तक शेषमणि की प्रस्तुति, रात्रि 08:00 बजे से 08:10 बजे तक अंतरराष्ट्रीय लोकगीत/कजरी गायिका सुश्री उषा गुप्ता के द्वारा कजरी गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात रात्रि 08:20 बजे से 08:30 बजे तक श्री विद्यासागर की प्रस्तुति, रात्रि 08:40 बजे से 08:50 बजे तक सुप्रसिद्ध कजरी गायिका श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव की प्रस्तुति, तथा रात्रि 09:00 बजे से 09:10 बजे तक सुप्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री श्रीमती अजीता श्रीवास्तव के द्वारा कजरी गायन की प्रस्तुति की जाएगी। रात्रि 09:15 बजे से 09:30 बजे तक मुख्य अतिथि का उद्बोधन, रात्रि 09:30 बजे धन्यवाद ज्ञापन होगा। सभी जनपदवासियों से अपील है कि बी0एल0जे0 ग्रांउड में आयोजित कजली महोत्सव में पहुंचकर सफल बनाये।

## पुलिस व ईनामी बदमाश के बीच हुयी पुलिस मुठभेड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** थाना फेस 3 पुलिस व लुटेरे/चोर/10 हजार रूपये के ईनामी बदमाश नेमपाल पुत्र श्रीपाल निवासी रजवाना थाना जुनावई जिला सम्भल को पुलिस मुठभेड के उपरान्त सेक्टर 71 से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी थी। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया है। जिसको उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से 1 चोरी की मोटर साइकिल स्प्लेण्डर, 1 तमंचा 315 बोर मय 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस बरामद किये गये है।बरामद मोटर साईकिल थाना अशोक नगर क्षेत्र से दिल्ली से चोरी की है। अभियुक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वर्ष 2017 से वांछित चल रहा था तथा थाना जुनावई से भी वांछित चल रहा है। अभियुक्त के विरुद्ध करीब 2 दर्जन अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# पाकिस्तान को पीटकर भारत बना एशिया कप का चैंपियन, कटाया हॉकी वर्ल्ड कप 2024 का भी टिकट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरुष हाकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआइएच पुरुष हाकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरुष हाकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआइएच पुरुष हाकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत की ओर से मोहम्मद राहील मनिंदर और जुगराज सिंह ने गोल दागे भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (सातवां) और मनिंदर (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए। पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां ) ने गोल दागे।




# भारत-नेपाल मैच में गेंदबाज और बल्लेबाज किसे मिलेगा फायदा जानें पिच रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच 4 सितंबर को मुकाबला खेला जाएगा। शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ बारिश के चलते मैच धुलने के कारण भारत को यह मैच हर हाल में जीतना होगा। वहीं, पहला मुकाबला हार चुका नेपाल के आमने-सामने होंगे। एशिया कप 2023 के पांचवें मैच में भारत की भिड़ंत नेपाल के साथ होगी। सुपर-4 में कदम रखने के लिए दोनों ही टीमों के लिए जीत बेहद जरूरी है। टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। वहीं, टीम को यहां ज्यादा बार जीत नसीब हुई है। इस पिच पर नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिलता है। इसलिए मैच के शुरुआती ओवर्स में सलामी बल्लेबाजों को संभल कर खेलना होगा। इस पिच पर जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती चली



भी वापसी करने को देखेगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच पल्लेकेले के मैदान पर खेला जाएगा। एशिया कप 2023 के पांचवें मैच में भारत की भिड़ंत नेपाल के साथ होगी। सुपर-4 में कदम रखने के लिए दोनों ही टीमों के लिए जीत बेहद जरूरी है। टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। वहीं नेपाल को अपने पहले मैच में हार का स्वाद चखना पड़ा था। अब भारत और नेपाल 4 सितंबर को एक-दूसरे नेपाल को अपने पहले मैच में हार का स्वाद चखना पड़ा था। अब भारत और नेपाल 4 सितंबर को एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे दोनों टीमें श्रीलंका के पल्लेकेले के मैदान पर भिड़ेंगी। इसी मैदान पर शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया था। बात करें कैंडी स्टेडियम की पिच की तो यहां पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों को सामना मदद मिलती है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली जाएगी, वैसे-वैसे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान हो जाएगा। वहीं, स्पिनर्स को भी मिडिल ओवर्स में मदद मिलता इस मैदान में अब तक कुल 35 वनडे मुकाबले खेले गए है, जिसमें से 14 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। वहीं, 19 बार दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने मुकाबले को अपने नाम किया है। भारत-पाकिस्तान के मैच के दौरान इस पिच पर स्विंग देखने को मिला था।

# गुकेश बने भारत के टॉप शतरंज खिलाड़ी आनंद छूटे पीछे, इस स्थान पर काबिज प्रगनानंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चेन्नई।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश तीन दशक से अधिक समय के बाद महान विश्वनाथन आनंद की जगह रेटिंग अंक है जबकि आनंद 2754 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं। गुकेश रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में आठवें नंबर पर खिलाड़ी हैं। इस रैंकिंग में शीर्ष-30 में पांच भारतीय हैं। विदित संतोष गुजराती 27वें और अर्जुन एरिगेसी 29वें स्थान पर हैं।



भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। आनंद जुलाई 1986 से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं। चेन्नई का 17 वर्षीय यह ग्रैंडमास्टर बाकू में फिडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गया था। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश तीन दशक से अधिक समय के बाद भारत के टॉप शतरंज खिलाड़ी बने। गुकेश रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में आठवें नंबर पर पहुंच गए। गुकेश पहली बार रेटिंग सूची के शीर्ष-10 में शामिल हुए। फिडे की एक सितंबर की रैंकिंग के मुताबिक गुकेश के नाम 2758 पहुंच गए। गुकेश पहली बार रेटिंग सूची के शीर्ष-10 में शामिल हुए। फिडे की एक सितंबर की रैंकिंग के मुताबिक गुकेश के नाम 2758 रेटिंग अंक है, जबकि आनंद 2754 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं। गुकेश ने एक अगस्त की रैंकिंग सूची के मुताबिक तीन स्थान का सुधार किया है। विश्व कप के फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करने वाले एक अन्य युवा भारतीय खिलाड़ी आर प्रगनानंद 2727 रेटिंग अंक के साथ इस सूची में 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह गुकेश और आनंद के बाद भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले अनुभवी पी हरिकृष्णा 31वें पायदान पर हैं। गुकेश ने बाकू में विश्व कप के दौरान फिडे की लाइव विश्व रैंकग में अपने आदर्श और गुरू आनंद को पीछे छोड़ा था आनंद रहे है टॉप खिलाड़ी- आनंद एक जुलाई, 1986 से भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं। वह 37 वर्षों से अधिक समय तक इस स्थान पर रहे। गुकेश और प्रगनानंद भारत की एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा हैं। यह दोनों खिलाड़ी कोलकाता में अभ्यास शिविर में भाग लेने के बाद पांच सितंबर से शुरू होने वाले टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगे।

# वे उसके साथ नहीं खेल सकते शहबाज शरीफ ने दिया बड़ा बयान, रोहित-कोहली की कर दी आलोचना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत बनाम पाकिस्तान के बीच की राइवरली क्रिकेट के इतिहास में चर्चा का विषय रही है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दोनों पक्षों के क्रिकेटर इसे कम करने की कितनी कोशिश करते हैं पर प्रशंसकों, पूर्व खिलाड़ियों और की। उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों पर कड़ी टिप्पणी की। बारिश के चलते मैच का कोई नतीजा नहीं निकाला, लेकिन पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस मैच को लेकर बड़ा बयान दे डाला। पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने एक्स हैंडल ( पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट





यहां तक ??कि राजनेताओं के बीच तनाव अपरिहार्य है। शनिवार, 2 सितंबर को श्रीलंका के कैंडी में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला बारिश के चलते बेनतीजा रहा। बारिश के चलते भारत-पाकिस्तान मैच का कोई नतीजा नहीं निकाला लेकिन पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस मैच को लेकर बड़ा बयान दे डाला। पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने एक्स हैंडल ( पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने शाहीन अफरीदी की तारीफ करते हुए भारतीय बल्लेबाजी की आलोचना शेयर की। इसमें उन्होंने शाहीन अफरीदी की तारीफ करते हुए भारतीय बल्लेबाजी की आलोचना की। शहबाज शरीफ, शाहीन की जादुई गेंदबाजी से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की प्रशंसा करने के लिए एक्स (पूर्व में ट्विटर) का सहारा लिया। उन्होंने भारत के दिग्गज खिलाड़ियों रोहित और कोहली पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने पोस्ट किया, वे उनके साथ नहीं खेल सकते।

## शाहीन अफरीदी की जादुई स्विंग देखकर दंग रह गए विराट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शनिवार को पल्लेकेले में चिर प्रतिद्वंदी भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। अफरीदी



ने भारत के टॉप ऑर्डर को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। भारत के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा के बेशकीमती विकेट झटके। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने शनिवार को पल्लेकेले में चिर प्रतिद्वंदी भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। अफरीदी ने भारत के टॉप ऑर्डर को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था।

# कोलंबो में बाढ़ जैसे हालात, एशिया कप के कार्यक्रम में हो सकता है बदलाव; दांबुला या कैंडी में हो सकते हैं मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कोलंबो में बाढ़ जैसे हालात, एशिया कप के कार्यक्रम में हो सकता है बदलाव; दांबुला या कैंडी में हो सकते हैं मैच कोलंबो में ऐसे ही हालात रहे तो यह मैच दांबुला या कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि पल्लेकेले में शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया लीग मैच भी वर्षा के कारण रद हो गया था। यहां पर रविवार को भी पूरा दिन बूंदाबांदी होती रही। इस स्टेडियम में भारत और नेपाल के बीच होने वाले मैच पर भी वर्षा का साया है। अगर कोलंबो में ऐसे ही हालात रहे तो यह मैच दांबुला या कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि, पल्लेकेले में शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया लीग मैच भी वर्षा के कारण रद हो गया था। यहां पर रविवार को भी पूरा दिन बूंदाबांदी होती रही। इस स्टेडियम में सोमवार को भारत और नेपाल के बीच होने वाले मैच पर भी वर्षा का साया है। एसीसी लेगा अंतिम निर्णय एसीसी के सूत्र ने कहा कि हम सभी बातों पर विचार कर रहे हैं। अगर स्थितियों में सुधार नहीं हुआ तो मैच को कोलंबो से कहीं और स्थानांतरित किया



जा सकता है। दांबुला को श्रीलंका के ऐसे शहर की तरह जाना जाता है, जहां पर बारिश कम होती है। मालूम हो कि पहले एसीसी अधिकतर मैच दांबुला में ही कराना चाहता था, लेकिन भारतीय टीम वहां नहीं खेलना चाहती थी, इसलिए भारत के लीग मैच पल्लेकेले स्टेडियम में कराए गए।उधर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने भी एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाए हैं। पिछले साल रमीज राजा को पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बर्खास्त किए जाने के बाद अंतरिम तौर पर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले सेठी ने एसीसी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश से रद होना निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि वर्षा ने क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबले में व्यवधान डाला। यही भविष्यवाणी भी की गई थी पीसीबी अध्यक्ष के रूप में मैंने एसीसी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेलने का आग्रह किया था, लेकिन श्रीलंका में आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए। उन्होंने कहा कि दुबई में बेहद गर्मी होगी लेकिन पिछली बार सितंबर 2022 में जब एशिया कप वहां खेला गया तब भी उतनी ही गर्मी थी। जब अप्रैल 2014 और सितंबर 2020 में आईपीएल वहां खेला गया तब भी वैसा ही मौसम था। मालूम हो कि भारतीय टीम के पाकिस्तान में खेलने से इनकार करने के बाद एशिया कप हाइब्रिड माडल में खेला जा रहा है। पाकिस्तान में चार मैच खेले जा रहे हैं जबकि बाकी मैच पीसीबी की मेजबानी में ही श्रीलंका में हो रहे हैं। पिछले साल एशिया कप का आयोजन यूएई में लगभग इसी समय किया गया था लेकिन तब यह टी-20 प्रारूप में खेला गया था।

# राशिफल





मेष-:आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

वृष-:आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

मिथुन-:ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

कर्क-:इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

सिंह-:थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

कन्या-: व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

तुला-: घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।

वृश्चिक-:आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

धनु-:किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

मकर-:आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

कुंभ-:आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

मीन-:आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।






# भारत-नेपाल मैच से पहले जसप्रीत बुमराह लौटे घर, टीम इंडिया के लिए बढ़ी मुश्किलें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 के पांचवें मैच में भारत की भिड़ंत नेपाल के साथ होगी। सुपर-4 में कदम रखने के लिए दोनों ही टीमों के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को घर लौटना पड़ा है। हालांकि, अभी तक साफ नहीं हुआ है कि आखिरी क्यों उन्हें कोलंबो से वापस मुंबई भेजा गया है।



फिलहाल निजी कारणों का हलावा दिया जा रहा है। रविवार देर रात बुमराह कोलंबो से मुंबई के लिए रवाना हुए गौरतलब हो कि अभी हाल ही में तेज गेंदबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह ने टी-20 सीरीज में भारत का नेतृत्व भी किया था। वहां, अपनी कप्तानी में बुमराह ने टीम को सीरीज जिताई। साथ ही अपनी गेंदबाजी को नया धार भी दिया। एशिया कप और वनडे वर्ल्ड को देखते हुए बुमराह की वापसी भारत के लिए अच्छी मानी जा रही है। हालांकि, एशिया कप में नेपाल के खिलाफ भिड़ंत से पहले बुमराह की वापसी से भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, लेकिन भारत के पास गेंदबाजी ऑप्शन के रूप में मोहम्मद शमी टीम में मौजूद हैं। पहले मैच में शमी को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई थी। बुमराह की गैरमौजूदगी में शमी तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व कर सकते हैं। लिए जीत बेहद जरूरी है। टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। वहीं, नेपाल को अपने पहले मैच में हार का स्वाद चखना पड़ा था। अब भारत और नेपाल 4 सितंबर को एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे भारत और नेपाल के मैच के पहले ही इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को घर लौटना पड़ा है। हालांकि अभी तक साफ नहीं हुआ है कि आखिरी क्यों उन्हें कोलंबो से वापस मुंबई भेजा गया है। फिलहाल निजी कारणों का हलावा दिया जा रहा है। रविवार देर रात बुमराह कोलंबो से मुंबई के लिए रवाना हुए। मैच के पहले ही भारत

## भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान डीजे ने बजाया 'राम सिया राम' का गाना, ईशान किशन का रिएक्शन हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका के कैंडी में पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार, 2 सितंबर को लगातार बारिश के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। हालांकि, रोमांचक मैच के बीच, स्टेडियम में डीजे बजाया सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। एशिया कप 2023 में शनिवार को बारिश के कारण भारत-पाकिस्तान का मैच बाधित रहा, लेकिन फैंस ने पहली पारी का पूरा मैच देखा। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन बनाए थे। एक समय भारत का



स्कोर 66/4 था। यहां से हार्दिक पांड्या और ईशान किशन ने पांचवीं विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी कर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। ईशान किशन ने 81 गेंद पर 82 रन बनाए। वहीं, हार्दिक ने 90 गेंद पर 87 रन की पारी खेली। भारतीय पारी के दौरान एक अजीबोगरीब घटना ने गया 'राम सिया राम' गाना सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। एशिया कप 2023 में शनिवार को बारिश के कारण भारत-पाकिस्तान का मैच बाधित रहा लेकिन फैंस ने पहली पारी का पूरा मैच देखा। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रन बनाए थे। एक समय भारत का स्कोर 66/4 था। यहां से हार्दिक पांड्या और ईशान किशन ने पांचवीं विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी कर भारत को सोशल मीडिया पर फैंस को ध्यान खीच लिया। पारी के 34वें ओवर के दौरान स्टेडियम में डीजे ने भारतीय फिल्म 'आदिपुरुष' का गाना 'राम सिया राम' बजाया। अब यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। बारिश के कारण रद्द हुआ मैच मैच की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शाहीन अफरीदी ने शुरुआती झटके देकर भारत की कमर तोड़ दी।

## सम्पादकीय

### सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, सेवा और निर्माण ने मजबूत की विकास की राह

इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही, जो चीन से काफी आगे है। सेवाओं और निर्माण गतिविधियों में निरंतर मजबूती ने विकास को बढ़ावा दिया है, तो विनिर्माण क्षेत्र ने भी अनुकूलन मांग एवं कम लागत की वजह से अपनी गति बनाए रखी है। भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपना दबदबा कायम रखा है, क्योंकि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2023) में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद साल दर साल वृद्धि के साथ 7.8 फीसदी दर्ज किया गया है। इससे कैलेंडर वर्ष 2023 (जनवरी से जून) की पहली छमाही में वृद्धि दर सालाना आधार पर सात फीसदी हो गई, जो इसी अवधि के लिए चीन की विकास दर 5.4 फीसदी से काफी आगे है। यह पिछली चार तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2023) में विकास दर 6.1 फीसदी रही थी। हालांकि यह पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 13.5 प्रतिशत वृद्धि दर से कम है, जो कि पिछले वर्षों में कोविड के कारण अर्थव्यवस्था में संकुचन के बाद आधार बदलने के कारण था। भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर गति से बढ़ रही है और त्योहारी मौसम के दौरान इसमें और सुधार होने की संभावना है, जो जन्माष्टमी और फिर गणेश चतुर्थी से शुरू होता है। सेवाओं और निर्माण गतिविधियों में निरंतर मजबूती के साथ सहायक आधार ने विकास को बढ़ावा दिया है। विनिर्माण क्षेत्र ने अनुकूल मांग एवं कम लागत की वजह से अपनी गति बनाए रखी। इसमें इस तिमाही के दौरान कॉरपोरेट लाभ मार्जिन में सुधार भी शामिल है। यदि क्षेत्रवार जीडीपी वृद्धि को देखें, तो सेवा क्षेत्र, जो जीडीपी में 53 फीसदी का योगदान करता है, 10.3 फीसदी की दर से बढ़ा। सेवा क्षेत्र के भीतर विभिन्न उप-क्षेत्रों के विकास में व्यापक सुधार हुआ। हालांकि, वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। विवेकाधीन मांग में मजबूती से व्यापार, होटल और परिवहन उप-क्षेत्रों का स्वस्थ गति से विस्तार हुआ। मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी और कम इनपुट कीमतों के साथ इस क्षेत्र के लिए समग्र रूप से सकारात्मक भावना बनी हुई है। पिछले वर्षों की औसत वृद्धि के अनुरूप वित्त वर्ष 2024 में सेवा क्षेत्र में आठ फीसदी से ज्यादा वृद्धि की संभावना है। वित्त वर्ष-24 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र का विस्तार धीमी गति (3.5 फीसदी की दर) से हुआ, जबकि एक तिमाही पहले यह दर 5.5 फीसदी थी। हालांकि कृषि वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन के अनुमान ने उच्च रबी बुआई से कृषि उत्पादन का समर्थन किया, लेकिन तिमाही के दौरान मौसम संबंधी व्यवधानों का इस क्षेत्र के प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। आगे इस क्षेत्र की संभावनाएं काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेंगी कि मानसून कैसा रहता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दलहन, तिलहन और कपास जैसी खरीफ फसलों की बुआई पिछले साल की तुलना में कम है। चूंकि अगस्त के अंत तक 90 फीसदी से अधिक बुआई पूरी हो चुकी है, इसलिए हमें इन फसलों की बुआई में किसी बड़े सुधार की उम्मीद नहीं है। इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में औद्योगिक क्षेत्र में 5.5 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि एक तिमाही पहले यह 6.3 फीसदी थी। औद्योगिक विकास को मुख्य रूप से विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में निरंतर गति से समर्थन मिला। विनिर्माण क्षेत्र में फार्मा, गैर-धातु खनिज उत्पाद, रबर, प्लास्टिक, धातु जैसे उद्योगों में उच्च उत्पादन वृद्धि देखी गई। बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के जोर से निर्माण क्षेत्र का स्वस्थ गति से विकास जारी रहा। सीमेंट उत्पादन और इस्पात की खपत पहली तिमाही में अच्छी रही। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में विनिर्माण में सालाना आधार पर 4.7 फीसदी की वृद्धि हुई, लेकिन जुलाई से दिसंबर, 2023 में इसमें तेजी से वृद्धि की संभावना है। इसे कम आधार और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों से लाभ होगा। निश्चित निवेश व्यय में तेजी से समग्र मांग बढ़ेगी, जिसमें पहली तिमाही में सालाना आधार पर आठ फीसदी की वृद्धि हुई, लेकिन इसमें मजबूती की संभावना है, क्योंकि निजी निवेश सार्वजनिक निवेश के लिए पूरक का काम करेगा। अप्रैल से जुलाई, 2023 के बीच हल्की वित्तीय गिरावट देखी गई, जो आंशिक रूप से राज्यों को सौंपे गए करों में 54 फीसदी वृद्धि के कारण हुई, इसके चलते वित्त वर्ष 2024 के बाकी हिस्सों में करों में कमी आएगी। वैश्विक स्तर पर अनिश्चित आर्थिक माहौल के बावजूद भारत की आर्थिक गतिविधि बेहतर है। शहरी विवेकाधीन मांग और सरकारी पूंजीगत व्यय में मजबूती ने अर्थव्यवस्था को कमजोर होती बाहरी मांग के प्रभाव से बचाया है।

# घमंडिया गठबंधन भ्रष्ट ही नहीं, सनातन धर्म व हिंदुओं के भी खिलाफ

मोदी सरकार के प्रमुख चेहरे और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2024 के चुनाव को लेकर एकजुट हो रहे विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कहा- आइएनडीआइए गठबंधन अंहकारी और घमंडी है। यह भ्रष्ट तो है ही, साथ ही सनातन धर्म और हिंदुओं के खिलाफ भी है। यह बांटो और राज करो के एजेंडे पर चल रहा है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2024 के चुनाव को लेकर एकजुट हो रहे विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन अंहकारी और घमंडी है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के अधिकतर नेताओं को देखेंगे तो वह बेल पर हैं या जेल से बाहर आ गए हैं। भ्रष्टाचारी अपने आप को बचाने के लिए ही गठबंधन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में रामनवमी के जुलूस पर बम और बंदूकें चलवा रहा है। उत्तर प्रदेश और बिहार में सपा व राजद के नेता रामायण और मां सीता पर अपशब्द बोलते हैं। इस गठबंधन के दक्षिण भारत के एक नेता सनातन धर्म व हिंदुओं को डेंगू-मलेरिया की तरह मारकर फेंकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल राहुल गांधी सहित विपक्ष के दूसरे नेताओं से है कि क्या जो लोग सनातन धर्म और हिंदुओं को अपमानित कर रहे हैं, वह उनसे सहमत हैं? वैसे तो देश की जनता इन्हें समय आने पर मुंहतोड़ जवाब देगी जैसा कि उसने 2014 में दिया था।रेत के ढेर पर जितने भी महल बनाओगे, वह स्थाई नहीं होंगे। उनका गिरना स्वाभाविक है। यह गठबंधन ऐसे ही गिरेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी की अगुआई में देश ने अब स्थिरता देखी है। देश समृद्ध, संपन्न और सशक्त होने की दिशा में बढ़ा है। गरीबों का कल्याण हुआ है। साढ़े 18 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह तब हुआ है जब देश की जनता ने पूर्ण बहुमत की एक स्थिर सरकार दी। इस सरकार ने चार करोड़ पक्के मकान, 12 करोड़ शौचालय



बनाकर दिए हैं। चार करोड़ लखपति दीदी बनाई हैं। दस करोड़ रसोई गैस कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत दिए। 13 करोड़ घरों को नल से जल की सुविधा दी। 80 करोड़ लोगों को अनाज ढाई साल तक मुफ्त में दिया है। 220 करोड़ को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन दी। घमंडिया गठबंधन के अधिकतर नेताओं को देखेंगे तो वह बेल पर हैं या जेल से बाहर आ गए हैं। भ्रष्टाचारी अपने आप को बचाने के लिए ही गठबंधन कर रहे हैं। इनमें से कोई भी पीएम मोदी की ईमानदारी, मेहनत और देश को आगे बढ़ाने के मामले में खड़ा नहीं हो सकता। इन साढ़े नौ वर्षों में केंद्र सरकार पर एक रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। एनडीए सरकार की पहचान सुशासन-विकास है। दुनिया में देश की साख बढ़ी है और आज वह एक उम्मीद से भारत और उसके नेतृत्व को देखती है। चंद्रयान-1 मिशन अटल सरकार ने शुरू किया था। जब चंद्रयान वहां पहुंचा तो संप्रग सरकार आ गई थी और वह जहां उतरा था उन्होंने उसे जवाहर प्वाइंट नाम दे दिया। यह परिवार से आगे कभी नहीं गए। वहीं, चंद्रयान-2 संप्रग के समय में तो शुरू हुआ, लेकिन इन्होंने कभी भी पूरा पैसा नहीं दिया। मोदी सरकार ने बाद में उन्हें पूरा बजट दिया। कांग्रेस के समय इसका बजट 5,400 करोड़ रहता था, आज यह 12,544 करोड़ का है। हमने तीन हजार करोड़ की कमाई स्पेस सेक्टर में की है, जिसका नब्बे प्रतिशत मोदी सरकार के साढ़े नौ सालों में आया है। काश, कांग्रेस ने पहले ऐसी पहल की होती तो भारत आज स्पेस सेक्टर में बहुत आगे होता। सत्र बुलाना सरकार का अधिकार है। हम चर्चा में विश्वास रखते हैं और विपक्ष इससे भागता है। मणिपुर पर संसद में हुई चर्चा में कांग्रेस के चेहरे बेनकाब हुए हैं। अपने समय में ये नार्थ-ईस्ट को जलता हुआ छोड़ देते थे। ये महिलाओं के अपमान की बात करते हैं, लेकिन ये राजस्थान नहीं देखते हैं। जहां हर दिन कम से कम 17 महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अत्याचार और हत्या की वारदातें होती हैं। क्या राहुल गांधी को यह दिखता है? कल ही मणिपुर की तरह राजस्थान में महिला को नग्न कर घुमाए जाने की शर्मनाक घटना हुई। क्या राहुल वहां जाएंगे? अपने मुख्यमंत्री से सवाल पूछेंगे इतनी साफ सुथरी सरकार है। इन्हें जब कुछ नहीं मिला तो इस तरह के मनगढंत आरोप लगा रहे हैं। राहुल को पता होना चाहिए कि अदाणी को पोर्ट और तेल बनाने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने दी। सोलर पावर प्लाट, कोल देने वाली भी कांग्रेस है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अदाणी को कई प्रोजेक्ट दिए। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटने वाली बात है।एक देश-एक कर लाया गया तो देश का लाभ हुआ। इसी तरह से एक देश-एक चुनाव से देश को फायदा होगा। करदाताओं के पैसे को क्या बार-बार चुनावों में खर्च किया जाए? अगर एक समय चुनाव हो जाएगा तो पांच साल शांति होगी। देश का विकास होगा। कमेटी बनाई गई है। यदि वह असहमत भी हैं तो कारण बताएं। देशहित में उठाए कदम का कांग्रेस विरोध क्यों कर रही है।बिल्कुल हमले हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें सिलेंडर मिल रहे हैं, उन्हें शौचालय, नल से जल, मुफ्त में इलाज और राशन मिल रहा है। यह हमले कांग्रेस नहीं कर पाई। हम इसे सेवा कहते हैं, जबकि कांग्रेस इसे हमला बताती है। हम सेवा को आगे भी जारी रखेंगे। राहुल चीन मुद्दे पर लगातार सरकार पर सही तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाते रहते हैं नेहरू-गांधी परिवार के लोग तो विदेशों में छुट्टियां मनाते थे। इन्हें तो मोदी का धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि नेहरू ने 370, 35ए के जो जख्म दिए थे और जिसके चलते कश्मीर में 40 हजार लोगों की हत्याएं हुई हैं, उसे उन्होंने हटा दिया। अब वहां शांति लौटी है। यही वजह है कि राहुल गांधी पिछले साल छुट्टियां मनाने कश्मीर गए थे और इस बार लद्दाख में बाइक से घूम रहे थे। यह अपने दस साल की सरकार में कभी वहां बाइक नहीं चला पाए थे।सच जनता के सामने बहुत जल्द आ जाता है। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण है। कांग्रेस ने वहां मुफ्त में बिजली देने की बात कही थी, लेकिन दी नहीं। इसके उलट बिल ज्यादा आ गया। वादा किया था कि 1500 रुपये बहनों को देंगे, मगर वे 10 माह से इंतजार ही कर रही हैं। बदले में दो बार पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ा दिए। भाजपा शासित राज्यों में हमने दाम कम किए हैं।



# भगोड़े को असाधारण और विरले मामले में ही दी जा सकती है अग्रिम जमानत - सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि भगोड़ा घोषित किए गए अपराधी को असाधारण और विरले मामले में ही अग्रिम जमानत दी जा



सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अभियुक्त को अग्रिम जमानत देने का पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का फैसला रद करते हुए कहा कि इस मामले में ऐसी कोई असाधारण या दुर्लभ स्थिति नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि भगोड़ा घोषित किए गए अपराधी को असाधारण और विरले मामले में ही अग्रिम जमानत दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा कि असाधारण और विरले मामले में सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट भगोड़ा घोषित अपराधी को अग्रिम जमानत देने पर विचार कर सकते हैं क्योंकि ये संवैधानिक अदालतें हैं। सुप्रीम कोर्ट के ही लवेश बनाम दिल्ली राज्य और मध्य प्रदेश बनाम प्रदीप शर्मा मामले में दिए गए पूर्व फैसलों को उद्धत करते हुए कहा है कि इनमें साफ तौर पर भगोड़े अपराधी को अग्रिम जमानत देने का विरोध किया गया है। उन फैसलों में शीर्ष अदालत ने कहा था कि भगोड़ा अपराधी अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा कि असाधारण और विरले मामले में सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट भगोड़ा घोषित अपराधी को अग्रिम जमानत देने पर विचार कर सकते हैं, क्योंकि ये संवैधानिक अदालतें हैं। यह फैसला न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और एसवीएन भट्टी की पीठ ने 29 अगस्त को हरियाणा सरकार की याचिका स्वीकार करते हुए दिया। हरियाणा सरकार ने की थी अग्रिम जमानत रद करने की मांग इस मामले में हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपीलीय याचिका दाखिल कर अभियुक्त धर्मपाल को हाई कोर्ट द्वारा दी गई अग्रिम जमानत रद करने की मांग की थी। धर्मपाल के खिलाफ गुरुग्राम के बादशाहपुर पुलिस थाने में 31 जुलाई, 2020 को आइपीसी की धारा 147, 148, 149, 323, 325, 341, 342 और 427 में मामला दर्ज हुआ। बाद में उस पर आइपीसी की धारा 186 और 364 भी जोड़ दी गई। इस मामले में अदालत ने अभियुक्त को भगोड़ा घोषित किया था। राज्य सरकार का कहना था कि अदालत से भगोड़ा अपराधी घोषित किए जा चुके अभियुक्त को हाई कोर्ट द्वारा अग्रिम जमानत दिए जाने का आदेश गलत है। अभियुक्त के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। साथ ही दलील दी कि इसे अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश के आधार पर मामले में आरोपित अन्य सह अभियुक्तों ने लाभ उठाते हुए अग्रिम जमानत पा ली है, जो कि व्यापक जनहित में नहीं है। हालांकि, अभियुक्त की ओर से हाई कोर्ट के फैसले को सही बताया गया था और जांच एजेंसियों पर बिना वजह उसे परेशान करने का आरोप लगाया गया था। अग्रिम जमानत देने का आदेश रद सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का अग्रिम जमानत देने का आदेश रद करते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि अभियुक्त भगोड़ा घोषित अपराधी है। अभियुक्त को पांच फरवरी, 2021 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया, जबकि उसने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट में आवेदन अक्टूबर 2021 में किया था। हाई कोर्ट का इस तथ्य को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। हाई कोर्ट के अग्रिम जमानत देने की तारीख पर भी अभियुक्त भगोड़ा अपराधी घोषित था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त खुद को भगोड़ा घोषित करने के आदेश को सफलतापूर्वक समाप्त कराए बगैर अग्रिम जमानत की मांग नहीं कर सकता। अभियुक्त की अग्रिम जमानत अर्जी पर विचार नहीं किया जाना चाहिए था। लवेश कुमार और प्रदीप शर्मा के पूर्व फैसलों में ऐसे व्यक्ति को अग्रिम जमानत देने का विरोध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत का आदेश रद करते हुए अभियुक्त को चार सप्ताह में समर्पण करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह समर्पण करने के बाद नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकता है और कोर्ट इस फैसले से प्रभावित हुए बगैर उस आवेदन पर मेरिट के आधार पर विचार करेगा।

# सियासत की राह पर सरपट दौड़ रही हिंदी, यही साबित करता है द्रमुक का बदला हुआ रवैया

द्रमुक की पूरी राजनीति जिस हिंदी के विरोध में आगे बढ़ी है, द्रमुक सरकार का अब उसी हिंदी में विज्ञापन जारी करना मामूली बात नहीं है। तमिलनाडु की मौजूदा सत्ता का नजरिया क्या हिंदी के प्रति उदार होने लगा है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि कुछ ही दिन पहले तमिलनाडु की द्रमुक सरकार ने अपनी उपलब्धियों को लेकर उत्तर भारत के कुछ बड़े हिंदी अखबारों में पूरे पृष्ठ का विज्ञापन जारी किया था। जिस हिंदी के विरोध में द्रमुक की पूरी राजनीति आगे बढ़ी है, उसी हिंदी में द्रमुक सरकार का विज्ञापन जारी करना मामूली बात नहीं है। द्रमुक ने राजनीतिक दल के तौर पर बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। तमिलनाडु की जनता की नजर में उसकी एक कामयाबी हिंदी विरोध को उस चरम पर पहुंचाना भी रहा है, जहां से पीछे लौट पाना आसान नहीं। सांविधानिक प्रावधानों के मुताबिक, हिंदी को 26 जनवरी, 1965 के दिन से राजभाषा के तौर पर पूरी तरह स्थापित होना था। वह द्रविड़ राजनीति ही रही, जिसने तब गणतंत्र दिवस के सम्मानवश 26 जनवरी के बजाय उसके ठीक एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को पूरे तमिलनाडु को हिंदी-विरोधी काले झंडों से पाट दिया था। उसके बाद हिंदी को राजभाषा का असल स्थान देना टल ही गया। हिंदी के विरोध में काला झंडा फहराने वाले राजनीतिक दल के हिंदी में विज्ञापन जारी करने पर सुखद आश्चर्य होगा ही। स्टालिन सरकार के इस कदम पर हैरान होने की कई वजहें हैं। भारतीय राजनीति की समाजवादी धारा हिंदी की घोर समर्थक रही है। लोहिया का अंग्रेजी हटाओ



अभियान हिंदी का समर्थन ही था। मुलायम सिंह यादव जब पहली बार मुख्यमंत्री बने, तब हिंदी को स्थापित करने के लोहिया के सपने के अनुरूप कदम उठाने को प्रेरित हुए। अच्युतानंद मिश्र जैसे कतिपय वरिष्ठ पत्रकारों के सुझाव पर उन्होंने गैर हिंदीभाषी राज्यों के बीच हिंदी को पत्र-व्यवहार का माध्यम बनाया। गैर हिंदीभाषी राज्यों की सुविधा के लिहाज से हिंदी पत्र का उस विशेष राज्य की भाषा में अनुवाद भी दिया जाना था। उसी योजना के तहत स्टालिन के पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की सरकार को हिंदी में तमिल अनुवाद के साथ पत्र भेजा गया। पर करुणानिधि ने मुलायम से अपने गर्मजोशी भरे संबंधों को धता बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को सिर्फ तमिल और अंग्रेजी में जवाब भेजा। हाल-हाल तक स्टालिन सरकार हिंदी को लेकर आक्रामक रही है। अगस्त, 2020 में नई शिक्षा नीति के बहाने स्टालिन ने हिंदी के खिलाफ हमला बोला था। बीते मार्च में जब नियमों के तहत दही के पैकेट पर हिंदी में दही लिखना अनिवार्य किया जा रहा था, तब तमिलनाडु ने भाषायी साम्राज्यवाद का आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया। पिछले महीने भी स्टालिन सरकार ने हिंदी के खिलाफ विषवमन किया। तमिलनाडु में हिंदी का विरोध अलबत्ता अब सिर्फ राजनीतिक ही रह गया है। चेन्नई की कई दुकानों पर हिंदी में सामान मांगने या मोल-तोल करने में अब हिंदीभाषियों को दिक्कत नहीं होती। तमिलनाडु की नई पीढ़ी समझने लगी है कि हिंदी का विरोध महज राजनीतिक है। पश्चिम एशिया के देशों में 'नौकरी' कर रहे तमिल युवाओं को पता है कि वहां तमिल या किसी अन्य दूसरी भारतीय भाषा के बजाय एशियाई लोगों से आपसी संपर्क हिंदी के जरिये कहीं ज्यादा सुगम है। पुरानी पीढ़ी के लोग भी अब स्वीकारते हैं कि हिंदी का विरोध कर उन्होंने बहुत कुछ खोया है। तमिलनाडु की आर्थिकी का एक बड़ा आधार उत्तर भारत से लगातार तमिलनाडु पढ़ने जा रहे छात्र भी हैं। वहां नौकरी कर रहे नौजवान भी तमिलनाडु के आर्थिक आधार के अहम स्तंभ बन रहे हैं। तमिलनाडु में पेशेवर काम करने वालों में काफी संख्या में उत्तर भारतीय हैं। चाहे छात्र हों, नौकरीपेशा लोग या कारीगर, सब अपनी जरूरत के हिसाब से तमिल जरूर सीख रहे हैं। ऐसे में, तमिलों का मानस भी बदल रहा है। तमिलनाडु में अच्छी शिक्षा में हिंदी पढ़ना भी शामिल होता जा रहा है। इस लोक दबाव को शायद स्टालिन सरकार भी समझ रही है। उसे भी लगता है कि उत्तर भारत में अगर अपनी छवि बनानी है, तो हिंदी का ही सहारा लेना पड़ेगा। शायद ये तमाम कारक हैं, जिन्होंने स्टालिन सरकार को मामूली स्तर पर ही सही, अपना नजरिया बदलने को मजबूर किया है। इसका स्वागत करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### देश और संविधान बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन की प्रेस कॉन्फ्रेंस मीडिया क्लब नोएडा में हुई, जिसको संबोधित करते हुए भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुर्जर ने कहा कि देश और संविधान को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है। आज देश में जो घटनाक्रम हो रहे हैं, वह देश के लिए सही नहीं है। मणिपुर की घटना देश को शर्मसार करती है, वहां केंद्र सरकार ने अभी कोई



बड़ा निर्णय नहीं लिया, न ही वहां की सरकार को बर्खास्त किया क्योंकि वह भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार है। नूह मेवात में जो माहौल खराब हुआ, वहां भी राजनीति के तुष्टिकरण का शिकार वहां के लोग हुए हैं। भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन 15 अक्टूबर से बुलंदशहर से लेकर गाज़ियाबाद तक पदयात्रा करेगा, जिसमें भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के सभी संगठन मौजूद रहेंगे। भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण पूरे देश में त्राहि-त्राहि हो रही है। इसको रोकने के लिए और जनमानस के अधिकारों के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पदयात्रा से पूरे देश में एक बड़ा मैसेज जाएगा और जनता जागेगी। हम लोग संघर्षवादी लोग हैं, संघर्ष में विश्वास रखते हैं और हमारा यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा,जब तक सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो जाती। इस मौके पर मास्टर महिपाल नागर जी को भारतीय किसान यूनियन एस का प्रदेश उपाध्यक्ष व महेश प्रजापति को भारतीय किसान यूनियन एस का दादरी नगर का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई।

### सेलिंग स्किल्स बिषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में प्रोविस्डम ग्रोथ के सहयोग से पीजीडीएम द्वितीय वर्ष के छात्रों लिए 'सेलिंग स्किल्स' विषय पर मूल्य तीन दिवसीय वर्धित पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रशिक्षक पुणे से प्रोविज़डम ग्रोथ लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक पुनीत रमन थे। इस पाठ्यक्रम ने बिक्री की कला की समझ को छात्रों में गहरा किया और उन्हें भविष्य के रोजगार के लिए तैयार किया।

# कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने वरिष्ठ नेता नरेंद्र भारद्वाज व प्रवक्ता डॉली शर्मा के घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी जी ने सबसे लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा और फॉक्स स्काई ग्रुप के डायरेक्टर मनीष भारद्वाज से भी मिले और उन्हें भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर गाजियाबाद कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव, पूर्व



पहले सचिन भारद्वाज की फोटो प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी,फिर उन्होंने उनके परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया,रविवार को कांग्रेस सांसद और राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी प्रह्लादगढ़ी,वसुंधरा स्थित कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के आवास पर पहुंचे और उनसे मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की,इस मौके पर वो कांग्रेस प्रवक्ता व गाजियाबाद की पूर्व ढाढ़स बंधाया,इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज,मनोज भारद्वाज, अमित भारद्वाज,सुमित भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, प्रिंस भारद्वाज, शिवम भारद्वाज,अक्षय भारद्वाज, अथर्व शर्मा व अनन्या भारद्वाज आदि से भी मिले और शोक सांत्वना प्रकट की उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सबसे पहले सचिन भारद्वाज की फोटो प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ नेता काँग्रेस सतेन्द्र शर्मा, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष लियाकत चौधरी, हापुड़ के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा, कांग्रेस के पूर्व महापौर प्रत्याशी विजय चौधरी, पूर्व निगम पार्षद मनोज चौधरी आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की,बता दें कि गत 30 अगस्त को नरेंद्र भारद्वाज के बड़े पुत्र सचिन भारद्वाज की मौत हृदय गति रूक जाने से हो गई थी।

# इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन फ्रांस में भारत के राजदूत महामहिम श्री जावेद अशरफ ने किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** फ्रांस में भारत के राजदूत महामहिम श्री जावेद अशरफ ने पेरिस में 'हूज़ नेक्स्ट फेयर 2023'



में हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया घ् उनके साथ ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति के सदस्य सागर मेहता और हूज़ नेक्सट की शो डायरेक्टर सुश्री सिल्वी पौराट और सदस्य प्रदर्शक भी मौजूद रहे। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर के वर्मा ने इस अवसर पर बताया कि यह आयोजन 02 से 04 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध डिजाइन आधारित इस मेले में यह भारत के लिए भारतीय हस्तशिल्प मुख्य रूप से फैशन, आभूषण और सहायक उपकरण उत्पादों को प्रदर्शित करने और भारत को हस्तशिल्प उत्पादों के सोर्सिंग गंतव्य के रूप में पेश करने का एक शानदार अवसर है। श्री वर्मा ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि मेले में 14 निर्यातकों के साथ परिषद की भागीदारी दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित कर रही है। इस अवसर पर राजदूत ने प्रदर्शकों से मुलाकात की और उनके प्रयासों और व्यवसायिक भावना की सराहना की। ईपीसीएच के चेयरमैन दिलीप बैद ने कहा कि हूज़ नेक्स्ट आयोजन का इम्पैक्ट के साथ-साथ रेडी-टू-वियर, एक्सेसरीज़, सौंदर्य और जीवनशैली का प्रदर्शन करता है, जो इकोलॉजिकल और एकजुटता को बढ़ावा देने वाली पहलों का एक समूह है। यह इंपैक्ट के साथ ही ट्रैफिक यानी दर्शक वर्ग, फैशन वितरक और ब्रांड के लिए समाधान और इनोवेशन देने वाला एक कार्यक्रम है। इस मेले में परिषद की भागीदारी प्रतिभागी निर्यातकों को सर्वोत्तम फैशन प्रदर्शित करने और ऐसे उत्पादों के लिए व्यवहारिक सोर्सिंग गंतव्य के रूप में भारत की ताकत को पेश करने का अवसर प्रदान करेगी। हूज़ नेक्स्ट 2023 अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन, फ़ैशन और जीवनशैली से जुड़े समुदायों को एक छत के नीचे ला रहा है। ठहूज़ नेक्स्ट पेरिसठ नियमित रूप से साल में दो बार जनवरी और सितंबर में पेरिस, फ्रांस में आयोजित किया जाता है और इसे वर्ष 1994 से डिजाइनर विश्व फैशन का प्रवेश द्वार माना जाता है। आयोजक दुनिया भर से 45000 से अधिक आगंतुक मेले में आने की उम्मीद कर रहे हैं। भारत की भागीदारी से मेले की जीवंतता और विविधता बढ़ेगी, साथ ही वैश्विक निर्माता, खुदरा विक्रेता और ब्रांड भारतीय फैशन, कपड़ा और आभूषण उत्पाद उद्योग में जीवंत उद्यमिता से परिचित होंगे, जिससे भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे। ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम,जीवनशैली,कपड़ा, फर्नीचर और फैशन आभूषण और सहायक उपकरण के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 30,019.24 करोड़ रुपये (3728.47 मिलियन डॉलर) रहा।

# २१ से २५ सितंबर तक आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को जनपद में सकुशल संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन की हुई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आगामी 21 से 25 सितंबर तक गौतम बुद्ध नगर के इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर तैयारीयां सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में आज आगामी 21 से 25 सितंबर 2023 को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के आयोजन को लेकर अपर जिला अधिकारी डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो के सभागार में जनपद के यातायात पुलिस, नोएडा/ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारीगण व बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि आने वाले 21 से 25 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं दिनांक 22 सितम्बर से 24 सितम्बर मोटो जीपी रेस का आयोजन जनपद में होने जा रहा



है। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के उद्देश्य यातायात रूट प्लान निर्धारित किया गया है, जिसका शत् प्रतिशत पालन समस्त बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन प्रतिनिधियों द्वारा सुनिश्चित कराया जाये ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड फेयर एवं मोटो जीपी रेस बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें देश विदेश के लोगों द्वारा प्रतिभाग करने के लिए जनपद में आवागमन किया जायेगा। अपर जिला अधिकारी ने बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि आवागमन के दौरान अनावश्यक रूप से वाहन के किराये में वृद्धि न करें। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि मानकों के अनुरूप निर्धारित रेट लिस्ट बस एवं ऑटो संचालक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी कर्मिशयल वाहन स्वामियों के द्वारा निर्धारित किराया से ज्यादा किराये की वसूली की जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव, एडीसीपी अशोक कुमार, एसीपी अरविन्द कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी सियाराम वर्मा, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, सम्बन्धित अधिकारीगण एवं एक्सपो मार्ट के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रिसर्च स्किल्स पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में रिसर्च स्किल्स पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम




आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अनुसंधान शिक्षा के संस्थापक और निदेशक डॉ. अजय कुमार चौहान ने समृद्ध, मनोरंजक और बौद्धिक रूप से ट्रेनिंग सत्र दिया। उन्होंने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सरल तरीके से कई शोध तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण को समझाया। कॉलेज की निदेशक डॉ. सपना राकेश ने एफडीपी में स्वागत भाषण देते हुए प्रत्येक फैकल्टी के व्यक्तिगत विकास के लिए रिसर्च संस्कृति को विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए अनुसंधान कौशल निर्माण पर जोर दिया। और उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण रिसर्च मूलमंत्र है, जिसका परिणाम शीर्ष स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रभावशाली प्रकाशनों के रूप में सामने आता है। कार्यक्रम का आयोजन रिसर्च के क्षेत्र में फैकल्टी की दक्षताओं को बढ़ाने के लिए ठरिसर्च सेलठ ने आयोजित किया जिसके समन्वयन डॉ. आदर्श गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 35 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आनंद राय ने दिया।

# मेरी माटी मेरा देश बैठक का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भाजपा की मेरी माटी-मेरा देश बैठक का आयोजन ज़िला कार्यालय सेक्टर 116 में हुआ। इस बैठक को जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता




ने लिया। अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि भारत के इतिहास पर अगर नजर डालें तो इस धरती माता की रक्षा के लिए हर काल में लाखों-लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया है, तब जाकर भारत माता आज एक हजार साल की गुलामी के बाद भी अपनी भारतीय संस्कृति को समेटे हुए जीवित हैं। भारत वो देश है, जहां बलिदानियों की पूजा हुई है, जहां इस धरती माता के लिए मर मिटने वालों के सदा-सदा मेले लगते हैं और इस धरती का सम्मान न करने वालों को भारत का समाज कभी श्रद्धा की दृष्टि से नहीं देखता। अमृतकाल की बेला में जब देश ने यह संकल्प लिया कि हमें भारत माता का खोया हुआ गौरव पुर्नस्थापित करना है और भारत को विश्व की महाशक्ति के रूप में खड़ा करना है, ऐसे समय पर माटी का वंदन समय की आवश्यकता है। देश का प्रत्येक व्यक्ति भारत माता के प्रति, भारत की माटी के प्रति अपनी श्रद्धा, अपनी भावना को अर्पित करे। वो एक चुटकी माटी करोड़ों-करोड़ों परिवारों से एकत्र होती हुई दिल्ली पहुंचे और वहां पर भावनाओं से ओत-प्रोत उस माटी से "अमृतवन" का निर्माण हो और एक देशभक्ति का ज्वारभाटा पूरे देश में फैले। इसके चलते इस अभियान के द्वारा हर घर से हम नोएडावासी माटी लेंगे जिसे अमृत कलश के रूप में कर्तव्य पथ दिल्ली शहीद स्मारक भेजी जाएगी, उस माटी का इस्तेमाल शहीदों की याद में वहां बनी अमृत वाटिका के विकास में किया जाएगा।इस अभियान की रूप रेखा पूरे भारतवर्ष में शुरू हो गई है और नोएडा वसियों को भी इसमें पूर्ण योगदान देना है।

# निज संस्कृति से जुड़े रहने के साथ महिला सशक्तिकरण का संदेश दे गया ठरंग साड़ी महोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा में एक अनूठे आयोजन रंग साड़ीठ महोत्सव का साक्षी बना। सेक्टर 26 क्लब नोएडा में आयोजित रंग साड़ी उत्सवङ्ग का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण



पर पर जोर देना और महिला उद्यमियों को कार्यस्थल पर भी साड़ी पहनने के लिए प्रेरित करने व उनके द्वारा संचालित व्यापार को आत्म निर्भरता के साथ बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम में 100 से ज्यादा महिला उद्यमियों ने भाग लिया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियां भी देखने को मिली । साथ ही साड़ी में रैंप वॉक करने वाली महिलाओं की क्राउन पहना कर सम्मानित भी किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. निधि बंसल (फाउंडर ठरंग साड़ीठ ) , दिपाली जैन (बेटियां फाउंडेशन) एवं अदिति बंसल(फाउंडर, स्टूडियो वोवेन वॉल्स) के संयोजन में आयोजित किया गया था । उत्सव का आरंभ प्रीति शर्मा द्वारा गणेश वंदना से हुआ, संगीता दत्ता का मंच संचालन भव्य रहा। आरसी बंसल ने उत्सव के आयोजन की पूरी बागडोर अपने हाथ में ली और मजबूती से निभाया। कार्यक्रम के माध्यम से महिला उद्यमियों के द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप्स का आगाज हुआ इस कार्यक्रम में गिफ्टिंग पार्टनर्स ने अपने द्वारा बनाए गए उत्पाद सभी अतिथियों को भेंट किए। गिफ्टिंग पार्टनर्स के तौर पर ओजे ऑर्गेनिक्स सैन्फे, ओरिफ्लेम, हैल्थ बेकर्स, तामी, स्टूडियो वोवेन वॉल्स, स्पाइसी शूगर, रंगली रंगलियट,मानसून सैलून, वैन्टेज आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान ठमहिला उद्यमिता एवं वित्तीय साक्षरताठ विषय पर सारिका जैन, अन्जू जैन, डॉ संगीता तनेजा, कंचन मित्तल, संगीता वार्षणे आदि के द्वारा सारगर्भित परिचर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान डॉ निधि बंसल ने बेटियां फाउंडेशनङ्ग के नोएडा डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर का पदभार ग्रहण किया। साथ ही डॉ निधि बंसल को ओ.जे. आर्गेनिक्स का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। इस अवसर पर शिल्पी बहादुर,मोनिका मल्होत्रा,तन्वी चावला,अम्बिका खेत्रपाल,विभा जैन सभी को गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया ।लोक उत्थान क्लब के फाउंडर आर पी हंस ने सभी साड़ी वाकर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं नोएडा के इनर व्हील क्लब ने सभी वाकर्स को क्राउन पहना सम्मानित किया। समाजसेवी व पत्रकार मनीष गुप्ता ने जनसंपर्क का कार्य बखूबी निभाया।इस विशिष्ट व अनूठे कार्यक्रम में देश की शिक्षा, सनातन, संस्कृति, सभ्यता, स्नेह, सम्मान एवं स्वाभिमान का अद्भुत समागम देखने को मिला ।उल्लेखनीय है कि 'रंग साड़ी' डॉ निधि बंसल द्वारा संचालित एक ऐसा मिशन है जिसके तहत भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने और बनाए रखने के लिए महिला उद्यमियों एवं घरेलू महिलाओं को साड़ी पहनने के लिए प्रेरित किया जाता है।डॉ. निधि बंसल बेहतरीन कवयित्री एवं लेखिका होने के साथ साथ सामाजिक मंचों का संचालन भी करती हैं। ठरंग साड़ीठ मिशन की कल्पना व शुरुआत डॉ निधि द्वारा की गई है। इसके अलावा एक टॉक शो लेट उर्जा टॉक्स भी डॉ निधि बंसल के द्वारा ही संचालित किया जाता है।

# एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा मिली ज्ञानशाला में विद्यार्थियों को शिक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने वाईएसएस की ज्ञानशाला में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए एक पहल शुरू की है। यह पहल उन बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए है जो आर्थिक रूप



से सक्षम नहीं हैं या जिनकी पहुंच शिक्षा के उच्च स्तर तक नहीं है। इस पहल के तहत, एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र वाई एस एस की ज्ञानशाला में विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं। वे विभिन्न विषयों में शिक्षा प्रदान करते हैं, जिनमें अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, और सामाजिक विज्ञान के साथ सामाजिक ज्ञान शामिल हैं। छात्र विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से पढ़ाते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं। ज्ञानशाला के संचालक दीपक मिश्रा ने बताया कि यह पहल एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों और वाई एस एस की ज्ञानशाला के विद्यार्थियों दोनों के लिए फायदेमंद है। एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र अपनी शिक्षा के साथ-साथ दूसरों की मदद करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। वाई एस एस की ज्ञानशाला के विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। इस पहल के बारे में एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने कहा कि, ठहम इस पहल के माध्यम से वाई एस एस की ज्ञानशाला के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करके उनका भविष्य संवारने में मदद करना चाहते हैं। हम उन्हें एक अच्छी शिक्षा प्रदान करके उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में मदद करना चाहते हैं। वाई एस एस की ज्ञानशाला के विद्यार्थियों ने कहा कि, ठएमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा हमारे लिए बहुत उपयोगी है। वे हमें व्यक्तिगत रूप से पढ़ाते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उनकी मदद से हम अपनी शिक्षा में सुधार कर रहे हैं।एमिटी यूनिवर्सिटी और वाई एस एस की ज्ञानशाला दोनों इस पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे इस पहल के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। आज की कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुकृति, सुभा बेला एवं डिंपी राय शामिल रही।

### कृष्ण जन्माष्टमी को छः सितंबर को मनाया जाएगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** वैदिक पंचांग के अनुसार आचार्य कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 6 सितंबर दोपहर 3 बजकर 27 मिनट से शुरू होगी और 7 सितंबर दोपहर 4 बजकर 14 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। वहीं इस दिन रोहिणी नक्षत्र 6 सितंबर सुबह 9 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा जो 7 सितंबर सुबह 10 बजकर 25 मिनट तक रहेगा। ऐसे में निशिता काल में भगवान श्री कृष्ण की उपासना की वजह से स्मार्त (गृहस्थी) सम्प्रदाय जन्माष्टमी पर्व 6 सितंबर 2023, बुधवार के दिन धूमधाम से मनाया जाएगा।लेकिन आपको बता दें कि वैष्णव सम्प्रदाय के अनुयायी अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र को प्राथमिकता देते हैं। वह सप्तमी तिथि पर जन्माष्टमी नहीं मनाते। जिस वजह वैष्णव सम्प्रदाय द्वारा 7 अगस्त 2023, गुरुवार के दिन जनमाष्टमी पर्व मनाया जाएगा।कैसे करें भगवान श्रीकृष्ण की पूजा।धरती को कंस के अत्याचार से मुक्त कराने के लिए द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने मां देवकी के गर्भ से जन्म लिया था।जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाता है. उनका प्रिय माखन मिश्री का भोग लगाया जाता है. श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा करने से संतान सुख मिलता है.और सभी मनोकामनाए पूर्ण होती है।

